शैक्षिक अवसरों की समानता का संवैधानिक प्रावधान – भारतीय संविधान में शैक्षिक अवसरों की समानता का स्पष्ट उल्लेख किया गया है, शिक्षा से संबंधित संविधान की कुछ धारायें इस प्रकार से हैं ––

1. **अनुच्छेद 15 –** धर्म मूल वंश जाति लिंग व जन्म स्थान के आधार पर कोई भेदभाव किसी भी भारतीय नागरिक के साथ नहीं किया जाएगा–

2. अनुच्छेद 16 – सरकारी नौकरियां सभी के लिए खुली रहेंगी तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों के लिए विशेष सुविधाएं सुरक्षित स्थानों के रूप में रहेंगी ।

3. **अनुच्छेद 19 –** प्रत्येक भारतीय नागरिक को अपनी पसंद के अनुसार व्यवसाय या धंधा करने का अधिकार होगा ।

4. **अनुच्छेद 25 –** हिंदुओं की सार्वजनिक धार्मिक संस्थाओं के द्वार समस्त हिंदुओं के लिए खुले रहेंगे ।

5. **अनुच्छेद 28 –** शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के मामले में कोई भेदभाव किसी के साथ नहीं किया जाएगा ।

6. **अनुच्छेद 29 –** राज्य द्वारा पोषित अथवा राज्य निधि से सहायता पाने वाली किसी भी शिक्षा संस्थान में प्रवेश पर किसी भी तरह का प्रतिबंध निषेध ।

7. अनुच्छेद 46 – इन जातियों के शैक्षिक और आर्थिक हितों की रक्षा और उनका सभी प्रकार के शोषण और सामाजिक अन्याय से बचाव ।

8. अनुच्छेद 146 – केंद्र व राज्यों में अछूतों के कल्याण हेतु सामान कल्याण एवं अशासकीय संस्थाओं को खोलने पर बल दिया गया है ।

9. अनुच्छेद 244 – अनुसूचित जातियों के लिए प्रशासन संबंधी विशेष व्यवस्था की गई है ।

10. अनुच्छेद 330 व 335 – संसद और विधान मंडलों में अनुसूचित जातियों को विशेष प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना ।

समावेशन से अभिप्राय का अध्ययन करना – समावेशन से अभिप्राय सामान्य बालकों के साथ विशिष्ट बालकों को एक साथ प्रदान की जाने वाली शिक्षा व्यवस्था से है । शिक्षा सामाजिक न्याय और समानता प्राप्त करने का एकमात्र और सबसे प्रभावी साधन है । समतामूसक और समावेशी शिक्षा न सिर्फ स्वयं में एक आवश्यक लक्ष्य है बल्कि समतामूलक और समावेशी समाज निर्माण के लिए भी अनिवार्य कदम है, जिसमें प्रत्येक नागरिक को सपने संजोने, विकास करने, और राष्ट्रहित में योगदान करने का अवसर उपलब्ध हो यह शिक्षा नीति (राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020) ऐसे लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़ती है, जिसमें भारत देश के किसी भी बच्चे के सीखने और आगे बढ़ने के अवसरों में उसकी जन्म या पृष्ठभूमि से संबंधित परिस्थितियाँ बाधक न बन पाए यह नीति इस बात की पुनः पुष्टि करती है, कि स्कूल शिक्षा में पहुंच, सहभागिता और अधिगम परिणामों में सामाजिक दूरी के अंतरालों को दूर करना सभी शिक्षा के क्षेत्र विकास कार्यक्रमों का मुख्य लक्ष्य होगा ।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार ई सी सी ई में दिव्यांग बच्चों को शामिल करना और उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करना भी इस नीति की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी द्य दिव्यांग बच्चों को प्रारंभिक स्तर से उच्चतर स्तर तक की शिक्षण प्रक्रियाओं में सम्मिलित होने के लिए स्तंभ बनाया जाएगाद्य दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 (आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम) समावेशी शिक्षा को एक ऐसी व्यवस्था के रूप में परिभाषित करता है,जहां सामान्य व दिव्यांग बच्चे सभी एक साथ सीखते हैं, तथा शिक्षण एवं सीखने की प्रणाली को इस प्रकार अनुकूलित किया

जाता है, कि वह प्रत्येक बच्चे की सभी सामान्य अथवा विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक हो।

समावेशन में अध्यापक की भूमिका का अध्ययन करना – अध्यापक को असामान्य बच्चों के साथ स्वाभाविक तरीके से व्यवहार करना चाहिए, जिससे कि बच्चे व्यवहार में किसी प्रकार का भेदभाव महसूस ना करें । इसके साथ ही अध्यापक को बच्चों से इस सत्य को भी नहीं छुपाना चाहिए कि वह समस्या का सामना कर रहा है, उसे बच्चे को यह स्वीकार करने में मदद करनी चाहिए कि काम के क्षेत्र में तो वह दूसरे बच्चों से भिन्न है, किंतु अन्य दूसरे क्षेत्रों में वह बिल्कुल भी भिन्न नहीं है । अपने बारे में इस प्रकार की समझ विकसित होने से उसे कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं को कम करने में सहायता मिलेगी।

सर्वप्रथम अध्यापक को असमान्य बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना चाहिए जिसमें उनके साथ सामान्य समकक्षों, सामान्य अध्यापकों, सामान्य बच्चों के माता–पिता जैसा व्यवहार हो इस तरह का व्यवहार बच्चे के लिए स्वास्थ्यकारी होगा तथा इससे बच्चे के दूसरे किसी भी सामान्य बच्चे की तरह विकास में मदद मिलेगी द्य अध्यापक, असामान्य बच्चों (दिव्यांग बालक) तथा उनकी शिक्षा में शामिल अन्य व्यक्तियों के बीच मध्यस्थ होता है, इस कारण वह इन व्यक्तियों के व्यवहार में परिवर्तन करने में मदद कर सकता है,इससे बच्चे के सामाजिक एकीकरण को बढ़ावा मिलेगा द्य समकक्षों, माता–पिता तथा अध्यापकों के नकारात्मक व्यवहारमुक्त बच्चे की आत्म संबंधी अवधारणा के प्रति पहुंच सकती है द्य असामान्य बच्चों के प्रति सामान्य वातावरण तैयार करने में अध्यापक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि अध्यापक समाज के उन महत्वपूर्ण सदस्यों में से एक हैं जिससे एक समाज के दृष्टिकोण के बदलने की आशा की जा सकती है, समाज के दृष्टिकोण को बदलने के लिए अध्यापक सम्मेलनों, भाषणों, वीडियो फिल्म्स व स्लाइड्स आदि का आयोजन कर सकता है तथा असामान्य बालकों के गुणों को और बेहतर कर सकता है द्य राष्ट्रीय जीवन के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए संचार साधनों की मदद लेनी चाहिये द्य अध्यापक को बच्चों की जरूरतों को कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, इसके कारण बच्चे में उपेक्षा की भावना उत्पन्न हो सकती है, यदि एक बार उसे यह महसूस हो गया

कि वह उपेक्षित है तो इससे उसकी आत्म संबंधी धारणा नष्ट हो सकती है, जिसका प्रभाव आगे चलकर उसकी शिक्षा और उसके जीवन पर देखने को मिल सकता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विशेष प्रतिभा वाले विद्यार्थियों के लिए सहायता प्रावधान –

I. प्रत्येक विद्यार्थी में कुछ जन्मजात प्रतिभाएं होती हैं जिन्हें खोजा जाना चाहिए,उनका पोषण करना चाहिए, उन्हें बढ़ावा देना चाहिए और उनका विकास करना चाहिए द्य यह प्रतिभाएं अलग–अलग रुचियां, प्रस्तावों और क्षमताओं के रूप में खुद को व्यक्त कर सकती हैं । जो छात्र किसी दिए गए दायरे में विशेष रूचि और क्षमताओं को दिखाते हैं, उन्हें इस बारे में सामान्य स्कूली पाठ्यक्रम से परे भी अध्ययन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए । शिक्षक शिक्षा में विद्यार्थियों की प्रतिभाओं और उनकी रूचियों की पहचान और इन्हें बढ़ावा देने के तरीके शामिल होते हैं।

ठ. शिक्षकों का उद्देश्य छात्रों को पूरक संवर्धन सामग्री और मार्गदर्शन तथा प्रोत्साहन देकर कक्षा में उनके एकल हितों और या प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना होगा। विषय केंद्रित प्रोजेक्ट आधारित क्लब और सर्कल स्कूल कांप्लेक्स जिले और उसके आगे के स्तरों पर अत्यधिक प्रोत्साहित और समर्थित किए जाएंगे। साइंस सर्कल, मैथ्स सर्कल, म्यूजिक परफारमेंस सर्कल, चेस सर्कल, पोएट्री सर्कल, लैंग्वेज सर्कल, ड्रामा सर्कल, डिबेट सर्कल, स्पोर्ट सर्कल, इको क्लब सर्कल,स्वास्थ्य और कल्याण क्लब, योग क्लब इत्यादि इस प्रकार के कुछ उदाहरण हैं ।

ब.देशभर में विभिन्न विषयों में ओलंपियाड और प्रतियोगिताओं को आयोजित किया जाएगा। जिनमें स्कूल से लेकर स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर जरूरी समन्वय के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी छात्र सभी स्तर पर जिनमें उन्होंने क्वालीफाई किया हो उनमें भाग ले सकें द्य सार्वजनिक एवं निजी विश्वविद्यालयों जिनमें आईआईटी और एनआईटी जैसे प्रमुख संस्थान शामिल हो।

क.एक बार जब इंटरनेट से जुड़े स्मार्टफोन या टेबलेट सभी घरों या स्कूलों में उपलब्ध होंगे तो क्विज प्रतियोगिताओं और ज्ञान संवर्धन सामग्री

वाले ऑनलाइन एप और साझा हितों के ऑनलाइन समुदाय विकसित किए जाएंगे । और सभी उपरोक्त चीजों को समृद्ध बनाने के लिए काम करेंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शिक्षक –

शिक्षक वास्तव में बच्चों के भविष्य को आकार देते हैं, अतः हमारे राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं । इस नेक योगदान के कारण ही भारत में शिक्षक, समाज के सबसे ज्यादा सम्मानित सदस्य थे, और सिर्फ सबसे अच्छे विद्वान ही शिक्षक बन सकते हैं। विद्यार्थियों को निर्धारित ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्य प्रदान करने के लिए समाज, शिक्षक या गुरुओं को उनके जरूरत की चीजें प्रदान करता था। आज ध्अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता व पदस्थापना सेवा शर्तें और शिक्षकों के अधिकारों की स्थिति वैसी नहीं है, जैसी होनी चाहिए, और इसके परिणाम स्वरूप शिष्यों की गुणवत्ता और उत्साह वांछित मानकों को प्राप्त नहीं कर पाता है । शिक्षकों के लिए उच्चतर दर्जा और उनके प्रति आदर व सम्मान के भाव को पुनर्जीवित करना होगा, ताकि शिक्षण व्यवसाय में बेहतर लोगों को शामिल करने हेतु उन्हें प्रेरित किया जा सके। हमारे छात्रों और हमारे राष्ट्र के लिए सर्वोत्तम संभव भविष्य सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों की प्रेरणा और सशक्तिकरण की आवश्यकता है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) सामग्री और शिक्षाशास्त्र दोनों के संदर्भ में बेहतर परीक्षण सामग्री को विकसित करने के लिए मजबूत किया जाएगा । स्कूल शिक्षा में सभी स्तरों (बुनियादी, प्रारंभिक, उच्च प्रारंभिक और माध्यमिक) के शिक्षकों को शामिल करते हुए भी टीईटी को विस्तृत किया जाएगा। विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में उनके संबंधित विषय में प्राप्त टी.ई.टी.या एन.टी.ए. परीक्षा के अंकों को भी शामिल किया जाएगा। शिक्षण के प्रति जोश और उत्साह को जांचने के लिए साक्षात्कार या कक्षा में पढ़ाने की प्रदर्शन प्रक्रिया को स्कूल या स्कूल के वातावरण में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया का अभिन्न अंग होगा। इन साक्षात्कारों का आयोजन स्थानीय भाषा में शिक्षण सहायता और दक्षता का आकलन करने के लिए किया जाएगा, जिससे प्रत्येक स्कूल अथवा स्कूल कांप्लेक्स में कम से कम कुछ शिक्षक हों जो स्थानीय भाषा और घरों की अन्य प्रचलित घरेलू भाषाओं में छात्रों के साथ बातचीत कर सकें।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि वर्तमान में जो शिक्षा प्रणाली है, उसमें शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई 2010) का पूर्णतरू पालन करना चाहिए 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बालकों एवं बालिकाओं का अनिवार्य रूप से विद्यालय में पंजीयन कराना चाहिए और सिर्फ पंजीयन से ही इसकी इतिश्री नहीं होगी, बल्कि वह बालक बालिका अपनी शिक्षा पूर्ण कर के ही विद्यालय से निकले, जिससे शिक्षा में अपव्यय एवं अवरोधन जैसी समस्याओं से निजात पायी जा सके। शिक्षा में समानता के अवसर सभी के लिए उपलब्ध हो सकें, कोई भी बालक बालिका जाति, रंग, भाषा,नस्ल, क्षेत्र अथवा धर्म के आधार पर शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार असामान्य (दिव्यांग) बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ ही एकीकृत शिक्षण प्रणाली समावेशी शिक्षा प्रदान करानी चाहिए जिससे उन बच्चों में निराशा, भग्नासा, बेरंग, तनाव की जगह उमंग, उत्साह और जीवन के प्रति लगाव उत्पन्न हो और वह भी सामान्य बालकों की तरह रंगीन सपने देख और संजो सकें जिसे पूरा करने के लिए वह प्रयासरत हों ।

संदर्भग्रंथ—

1. शर्मा डा. आर. ए.–– अध्यापक शिक्षा एवं प्रशिक्षण तकनीकी – आर लाल बुक डिपो मेरठ 2011 ।NISO 900 – 2008
2. भार्गव डा. महेश –– विशिष्ट बालक उनकी शिक्षा एवं पुनर्वास एच पी भार्गव बुक्स 4 –230 कचहरी घाट, आगरा उ.प्र. 2009 ISBN 778 – 8 – 81 – 1
3. त्यागी डॉ. गुरुसरण दास, डॉ. विजय कुमांर –– उदीयमान भारतीय समाज के शिक्षक – श्री विनोद पुस्तक मंदिर आगरा 2011 ISBN– 873 – 81– 745 – 260 – 8
4. पाण्डेय,डॉ. रामसकल – उदीयमान भारतीय समाज के शिक्षक – श्री विनोद पुस्तक मंदिर आगरा, उ. प्र. ISBN 81– 7457 311 – 9
5. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 – भारत सरकार

A National Seminar Collaborated With NAAC

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

डॉ. रोहित कुमार

NAAC "A" Grade
Bhagwan Aadinath College Education Mahrra Lalitpur
(Approved by NCTE & Affitialld to Bundelkhand
University Jhansi (U.P.) 12b&2f UGC)

Insta Publishing

Ring Road 2, Bilaspur, Chhattisgarh – 495001

Website: **www.instapublish.in**

© Copyright, 2022, Rohit Kumar

All rights reserved. No part of this book may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted, in any form by any means, electronic, mechanical, magnetic, optical, chemical, manual, photocopying, recording or otherwise, without the prior written consent of its writer.

First Edition, 2022
ISBN: 798-93-95037-02-0
Price: ₹ 500.00

The opinions/ contents expressed in this book are solely of the author and do not represent the opinions/ standings/ thoughts of Insta Publishing.

Published by: Insta Publishing

Effects of New Education Policy 2020 on Higher Education

ANKIT NAMDEV
Assistant Professor
Bhagwan Aadinath College of Education
Maharra- Lalitpur (U.P.)&
Anil Kumar Singh Kushwaha
Assistant Professor
Bhagwan Aadinath College of Education
Maharra- Lalitpur (U.P.)

Abstract

The New Education Policy announced by using Government of India (NEP 2020) become a welcoming alternate and sparkling news amidst all the negativities surrounding the world due to the demanding situations posed by using Covid19 pandemic. The declaration of NEP 2020 changed into merely surprising by way of many. The adjustments that NEP2020 has advocated were some thing that many educationists by no means saw coming. Though the schooling policy has impacted faculty and college training equally, this text in particular focuses on NEP2020 and its impact on Higher Education. This paper additionally outlines the salient functions of NEP and analyses how they have an effect on the prevailing schooling machine.

Keywords: New Education Policy, Higher Education, Covid-19

Introduction

The National Policy on Education (NPE) is a coverage formulated by using the Government of India to promote education among India's humans. The policy covers essential training to colleges in

each rural and urban India. The first NPE turned into promulgated by way of the Government of India by using Prime Minister Indira Gandhi in 1968, the second one with the aid of Prime Minister Rajiv Gandhi in 1986,and the third through Prime Minister Narendra Modi in 2020.

The National Education Policy 2020 (NEP 2020), which become permitted by means of the Union Cabinet of India on 29 July 2020, outlines the vision of India's new training device. The new coverage replaces the preceding National Policy on Education, 1986. The policy is a comprehensive framework for basic schooling to better education in addition to vocational education in both rural and urban India. The policy ambitions to convert India's education machine by means of 2021. The language policy in NEP is a wide guideline and advisory in nature; and it's far as much as the states, establishments, and schools to determine at the implementation. The NEP 2020 enacts several adjustments in India's education policy. It pursuits to increase nation expenditure on education from round 4% to 6% of the GDP as quickly as viable.

In January 2015, a committee beneath former Cabinet Secretary T. S. R. Subramanian started the consultation system for the New Education Policy. Based on the committee document, in June 2017, the draft NEP changed into submitted in 2019 by a panel led with the aid of former Indian Space Research Organization (ISRO) leader Krishnaswamy Kasturirangan. The Draft New Education Policy (DNEP) 2019, changed into later released by way of Ministry of Human Resource Development, observed through a number of public consultations. The Ministry undertook arigorous consultation technique in formulating the draft coverage: "Over two lakh guidelines from 2.5 lakh gram panchayats, 6,600 blocks, 6,000 Urban Local Bodies (ULBs), 676 districts were received." The imaginative and prescient of the National Education Policy is:

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

"National Education Policy 2020 envisions an India-centric education device that contributes immediately to remodeling our country sustainably into an equitable and colorful knowledge society via providing super schooling to all."

Quality better schooling need to purpose to increase folks that are notable, considerate, well-rounded, and innovative. It ought to allow someone to look at one or more specialized areas of interested an in-intensity stage and increase man or woman, moral and constitutional values, high brow curiosity, clinical mood, creativity, service spirit, and the competencies of the twenty first century throughout arrange of fields, inclusive of sciences, social sciences, the arts, humanities, languages, private, technological the vocational subjects. The new training coverage brings some fundamental modifications to the contemporary device, and the important thing highlights are multidisciplinary universities and schools, with as a minimum one in or close to each district, revamping student curricula, pedagogy, assessment, and assist for enhanced pupil revel in, organizing a National Research Foundation to help splendid peer-reviewed work and efficaciously seed study at universities and schools.

The foremost troubles faced with the aid of the Indian better schooling system includes enforced separationof qualifications, early specialization and scholar streaming into restricted research areas, less attention on studies at most universities and faculties, and shortage of aggressive peer-reviewed instructional research investment and big affiliated universities main to low levels founder graduate schooling. Institutional restructuring and consolidation aim to quit the fragmentation of better education by using remodeling higher education establishments into big multidisciplinary, growing well rounded and innovative people, and transforming other international locations educationally and economically, growing the gross enrolment ratio in higher training, inclusive of vocational education, from 26.3% (2018) to 50% via 2035.

Holistic and multidisciplinary training need to strive in an incorporated manner to enhance all human capacities-mental, cultural, social, bodily, emotional, and ethical. In the long term, this sort of complete training will be the approach for all undergraduate applications, including those in medical, technical, and vocational disciplines. Optimal studying environments and guide for college students provide a holistic method which include good enough curriculum, interactive pedagogy, constant formative evaluation, and ok aid for college students.

Objectives of the Study

The primary goal of this research is to observe the effect of New Education Policy 2020 on better training. The examine additionally outlines the salient features of NEP and analyses how they have an effect on the prevailing schooling gadget.

Research methodology

This study is a descriptive have a look at. The essential secondary information changed into collected from numerous websites which include those of Government of India, magazines, journals, different guides, and so forth. These records changed into then analyzed and reviewed to reach on the inferences and conclusions.

Salient Features of Nep 2020 Related To Higher Education

The new NEP has been introduced with an intention to formalize adjustments in the machine from college level to college/university degree. Keeping in thoughts the developing state of affairs, training content material henceforth, will cognizance on key-concepts, thoughts, programs and problem-fixing angles. The National Education Policy is predicted to deliver high-quality and lengthy-lasting impact at the higher education device of the country. The truth that foreign universities can be allowed to open campuses in India is a commendable initiative by the authorities. This will assist the student several in the global first-class of

training in their very own country. The coverage of introducing multi-disciplinary institutes will cause a renewed cognizance on each subject which includes arts, human ities and this form of education will assist college students to examine and develop holistically. Thus, college students willbe ready with stronger understanding base.

The new better education regulatory shape will make sure that awesome administrative, accreditation, financing, and educational preferred-placing roles are done with the aid of separate ,self-sustaining, and empowered bodies. These 4 structures can be set up as four impartial verticals inside a unmarried umbrella institution, India's Higher Education Commission (HECI). There are a variety of reforms and new developments which have been brought by using NEP in the higher education region. Some of the salient functions are:

Single regulatory body for better training:

The NEP ambitions to set up Higher Education Commission of India in an effort to be the single regulatory frame besides for felony and clinical training.

Multiple entry and go out programme :

There will be more than one entry and go out options for folks who desire to go away the path inside the center. Their credit might be transferred via Academic Bank of Credits.

Tech- based totally alternative for adult studying thru apps, TV channels:

Quality generation-primarily based alternatives for person gaining knowledge of consisting of apps, online courses/modules, satellite TV for pc-based totally TV channels, on line books, and ICT-geared up libraries and Adult Education Centers, and so forth.Will be advanced.

E-publications to be available in nearby languages:

Technology will be a part of training planning, teaching, mastering, evaluation, instructor, faculty ,and scholar schooling. The e-content material to be available in regional languages, beginning with 8 primary languages – Kannada, Odia, Bengali amongst others to enroll in the e-courses available in Hindi and English.

Common entrance examination for all Universities:

The commonplace Entrance examination for all higher education institutes to be held by means of National TestingAgency (NTA). The examination could be optional.

Detailed Analysis of Impact of Nep 2020 On Higher Education Regulatory System of Higher Education:

A full-size exchange in NEP 2020 is the inspiration to set up the Higher Education Commission of India (HECI), as an umbrella body for higher training, except for scientific and prison education. This will normally convey out a question that what is going to appear to the existing UGC and AICTE? HECI is aiming at reforming the higher training sector; the Bill will separate the Academic and Funding aspects of the sector. According to the new Bill, HECI will now not have any monetary powers. The investment methods which have been handled by way of the University Grants Commission (UGC) might be taken care via the Ministry of Education, formerly called the Ministry of Human Resource Development (MHRD). This alternate however is expected to clear the regulatory mess in India's Higher Education gadget. HECI is anticipated to have 4 independent verticals - National Higher Education Regulatory Council(NHERC) for regulation, General Education Council (GEC) for general-putting, Higher Education Grants Council (HEGC) for investment, and National Accreditation Council (NAC) for accreditation. To have uniformity in training standards, a single umbrella frame become

usually a requirement andthis has been a imaginative and prescient of several educationists. This is considered because the proper step in streamlining schooling policy. However, to make sure excellent of better education, institutes ought to be measured based totally on applicable parameters like studies, industry linkages, placements and educational excellence, and so on. If the HECI can manage this, the blessings to its biggest stakeholder, the teenagers of India, might be sizable.

The structure and lengths of various programmes:

In the context of the National Education Policy 2020 scheme, any undergraduate diploma in any institution will be of duration of three or 4 years. One can depart the diploma within this era. Any instructional group will ought to give to the pupil a degree diploma after the student completes two years of take a look at, a degree after the scholar completes 3 years of examine and a certificate to those college students who whole three hundred and sixty five days of take a look at in any expert or vocational course in their choice. The Government of India will also help in setting up an Academic Bank of Credit for storing the academic rankings digitally. This will enable the institutions to count the credit score at the end and positioned it inside the degree of thescholar. This might be helpful for those individuals who might ought to go away the path mid-manner. They can begin the path in a while from wherein they left off and not begin from the start once again. Even though NEP 2020says that Higher schooling establishments will be given the liberty to begin PG guides there might also be a few difficulty in designing One Year PG Degree for college kids who've completed four Year UG Degree and a Two Year PG Degree for students who have finished three Year UG Degree.

Conclusion

The coverage introduces a whole gamut of adjustments and reads in large part as a totally revolutionary file, with a firm draw close

at the modern-day socio-economic panorama and the chance of future uncertainty. Education for a brand new technology of rookies has to essentially have interaction with the increasing dematerialization and digitalization of economies, which calls for a very new set of talents for you to be able to maintain up. This seems to be a good extra important perquisite now, with the trend towards digitalization and disruptive automation being quickened with the aid of the pandemic. Overall, the NEP 2020 addresses the need to expand specialists in a variety of fields ranging from Agriculture to Artificial Intelligence. India wishes to be equipped for the destiny and the NEP 2020 paves the manner beforehand for many young aspiring college students to be ready with the proper skill set.

The new training coverage has a laudable imaginative and prescient, however its energy will rely upon whether it's far able to effectively combine with the other policy initiatives of presidency like Digital India,Skill India and the New Industrial Policy to name a few, so as to effect a coherent structural transformation. Hence, coverage linkages can make certain that education policy addresses to and learns from Skill India's enjoy in enticing more dynamically with the company area to form vocational education curriculum with a purpose to make it a fulfillment. There is likewise a need for more evidence-based totally selection-making, to adapt to hastily evolving transmutations and disruptions. NEP has reassuringly provisioned for real-time evaluation structures and a consultative monitoring and overview framework. This shall empower the training machine to continuously reform itself, in preference to awaiting for a brand new education coverage every decade for a shift in curriculum. This, in itself, may be a super achievement. The NEP 2020 is adefining second for better education. Effective and time-certain implementation is what's going to make it honestly course-breaking.

References

1. New Education Policy 2020 by MHRD Govt. of India
2. Mandal Keshav Chandra, National Educational Policy 2020: The key to development in India, Notion Press 2021
3. "National Education Policy: NTA to conduct common entrance exam for higher education institutes". *The Indian Express*. 29 July 2020.
4. *Kumar, Shuchita (31 July 2020). "New education policy: The shift from 10+2 to 5+3+3+4 system". Times Now.*
5. "National Education Policy 2020: Cabinet approves new national education policy: Key points". *The Times of India*. 29 July 2020.
6. "Govt approves plan to boost state spending on education to 6% of GDP". *Livemint*. 29 July 2020.
7. Thomas K Joseph, India's New Education Policy 2020, The Write Order Publications 2022

A National Seminar Collaborated With NAAC

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

डॉ. रोहित कुमार

NAAC "A" Grade

Bhagwan Aadinath College Education Mahrra Lalitpur

(Approved by NCTE & Affitialld to Bundelkhand University Jhansi (U.P.) 12b&2f UGC)

Insta Publishing

Ring Road 2, Bilaspur, Chhattisgarh – 495001

Website: **www.instapublish.in**

© Copyright, 2022, Rohit Kumar

All rights reserved. No part of this book may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted, in any form by any means, electronic, mechanical, magnetic, optical, chemical, manual, photocopying, recording or otherwise, without the prior written consent of its writer.

First Edition, 2022
ISBN: 798-93-95037-02-0

Price: ₹ 500.00

The opinions/ contents expressed in this book are solely of the author and do not represent the opinions/ standings/ thoughts of Insta Publishing.

Published by: Insta Publishing

गुणवत्तापूर्ण विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय– भारतीय उच्चतर शिक्षा व्यवस्था हेतु एक नया और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण

डा. राकेश कुमार वर्माएम.ए.–इतिहास, हिन्दी, शिक्षा शास्त्र,
एम.एड.– नेट,पी.एच.डी.
सहायक प्राध्यापक
भगवान आदिनाथ कालेज ऑफ एजुकेशन
महर्रा ललितपुर
कु0ज्योति श्रीवास्तव,सहायक प्राध्यापक
भगवान आदिनाथ कालेज ऑफ एजुकेशन
महर्रा ललितपुर

उच्चतर शिक्षा मनुष्य और साथ ही सामाजिक कल्याण के विकास में अति आवश्यक भूमिका निभाती है। "सा कि हमारे संविधान में भारत को एक लोकतांत्रिक, न्यायपूर्ण, सामाजिक रूप से सचेत, सांस्कारिक और मानवीय राष्ट्र, जहाँ सभी के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे का भाव हो, एक ऐसे राष्ट्र के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। एक राष्ट्र के आर्थिक विकास और आजीविकाओं को स्थायित्व देने में भी उच्चतर शिक्षा एक महत्वपूर्ण योगदान देती है। जैसे–जैसे भारत ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था और समाज की ओर बढ़ता जा रहा है वैसे–वैसे और अधिक भारतीय युवा उच्चतर शिक्षा की ओर बढ़ेंगें।

इक्कीसवीं सदी की आवश्यकताओं को देखते हुए, गुणवत्तापूर्ण उच्चतर शिक्षा का जरूरी उद्येश्य, अच्छे, चिंतनशील, बहुमुखी प्रतिभा वाले रचनात्मक व्यक्तियों का विकास करना होना चाहिए। यह एक व्यक्ति को एक या एक से अधिक विशिष्ट क्षेत्रों में गहन स्तर पर अध्ययन करने में सक्षम बनाती है और साथ ही चरित्र, नैतिक और संवैधानिक मूल्यों, बौद्धिक जिज्ञासा, वैज्ञानिक स्वभाव, रचनात्मकता, सेवा की भावना और विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, मानविकी, भाषा, साथ ही व्यावसायिक, तकनीकी और व्यावसायिक विषयों सहित विभिन्न विषयों में 21वीं सदी की क्षमताओं

को विकसित करती है। उच्चतर गुणवत्ता वाली शिक्षा द्वारा व्यक्तिगत उपलब्धि और ज्ञान, रचनात्मक सार्वजनिक सहभागिता और समाज में उत्पादक योगदान को सक्षम करना चाहिए। इसे छात्रों को अधिक सार्थक और संतोषजनक जीवन और कार्य भूमिकाओं के लिए तैयार करना चाहिए और आर्थिक स्वतंत्रता को सक्षम करना चाहिए।

व्यक्तियों के समग्र विकास के उद्येश्य के लिए यह आवश्यक है कि पूर्व–विद्यालय से उच्चतर शिक्षा तक, सीखने के प्रत्येक चरण में कौशल और मूल्यों का एक निर्धारित सेट शामिल किया जायेगा।

सामाजिक स्तर पर, उच्चतर शिक्षा का उद्येश्य राष्ट्र को प्रबुद्ध, सामाजिक रूप से जागरूक, जानकार और सक्षम बनाना है जो अपने नागरिकों का उत्थान कर सके और अपनी समस्याओं के लिए सशक्त समाधानों को ढूँढ़कर लागू कर सके। उच्चतर शिक्षा देश में ज्ञान निर्माण और नवाचार का आधार भी बनाती है और इसके चलते राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए उच्चतर शिक्षा का उद्येश्य व्यक्तिगत रोजगार के अवसरों का सृजन करना ही नहीं बल्कि अधिक जीवंत और सामाजिक रूप से जुड़े हुए सहकारी समुदायों के साथ मिलकर एक अधिक खुशनुमा, सामंजस्यपूर्ण, सुसंस्कृत, उत्पादक, अभिनव, प्रगतिशील और समृद्ध राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करना है।

वर्तमान में, भारत में उच्चतर शिक्षा प्रणाली की कुछ एक प्रमुख समस्याओं में निम्नलिखित शामिल हैं:–

क. गम्भीर रूप से खंडित उच्चतर शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र;

ख. संज्ञानात्मक कौशल के विकास और सीखने के परिणामों पर कम बल;

ग. विषयों का एक कठोर विभाजन, विद्यार्थियों को बहुत पहले ही विशेषज्ञ और अध्ययन के संकीर्ण क्षेत्रों की ओर ढकेल देना;

घ. सीमित पहुँच, विशेष रूप से सामाजिक, आर्थिक रूप से वंचित क्षेत्रों में जहाँ कुछ एक ही ऐसे विश्वविद्यालय और महाविद्यालय है, जो स्थानीय भाषाओं मे पढ़ाते है।

ङ. सीमित शिक्षक और संस्थागत स्वायत्तता;

च. योग्यता आधारित कैरियर प्रबंधन और संकाय और संस्थागत

लीडरों की प्रगति के लिए अपर्याप्त तंत्र;

छ. अधिकांश विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शोध पर कम बल और विषयक अनुशासनों में पारदर्शी और प्रतिस्पर्धा समीक्षा शोध निधियों की कमी;

ज. उच्चतर शिक्षा संस्थानों में गवर्नेंस और नेतृत्व क्षमता का अभाव;

झ. एक अप्रभावी विनियामक प्रणाली; और

ञ. बहुत सारे संबद्ध विश्वविद्यालय, जिनके परिणामस्वरूप अवर स्नातक शिक्षा के निम्न मानक।

यह नीति उच्चतर शिक्षा प्रणाली में आमूल–चूल बदलाव और नये जोश के संचार के लिए उपयुक्त चुनौतियों को दूर करने के लिए कहती है। जिससे सभी युवा लोगों को उनकी आकांक्षा के अनुरूप गुणवत्तपूर्ण, समान अवसर देने वाली एवं समावेशी उच्चतर शिक्षा मिले। इस नीति की दृष्टि में वर्तमान उच्चतर शिक्षा प्रणाली में निम्नलिखित प्रमुख परिवर्तन शामिल हैं:–

क. ऐसी उच्चतर शिक्षा व्यवस्था की ओर बढ़ना, जिसमें विशाल बहु विषयक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय हों, जहाँ प्रत्येक जिले में या उसके पास कम से कम एक और पूरे भारत में अधिकतर एच.ई.आई. ऐसे ही हो, जो स्थानीय/भारतीय भाषाओं में शिक्षा कार्यक्रमों का माध्यम प्रदान करते हों;

ख. और अधिक बहु विषयक स्नातक शिक्षा की ओर बढ़ना;

ग. संकाय और संस्थागत स्वायत्तता की ओर बढ़ना;

घ. विद्यार्थियों के अनुभव में वृद्धि के लिए पाठयचर्या, शिक्षण शास्त्र, मूल्यांकन और विद्यार्थियों को दिये जाने वाले सहयोग में आमूल–चूल परिवर्तन करना;

ङ. शिक्षण अनुसंधान और सेवा के आधार पर योग्यता–नियुक्तियों और कैरियर की प्रगति के माध्यम से संकाय और संस्थागत नेतृत्व की स्थिति की अखण्डता की पुष्टि करना;

च. सहकर्मी द्वारा समीक्षा की गयी उत्तम अनुसंधान और

विश्वविद्यालयों और कालेजों में सक्रिय रूप से अनुसंधान की नींव रखने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एन. आर.एफ.) की स्थापना;

छ. शैक्षणिक और प्रशासनिक स्वायत्तता वाले उच्चतर योग्य स्वतंत्र बोर्डों द्वारा एच.ई.आई. का गवर्नेंस;

ज. व्यावसायिक (प्रोफेशनल) शिक्षा सहित उच्चतर शिक्षा के सभी एकल नियामक द्वारा "लचीला लेकिन स्थायित्व प्रदान करने वाला विनियमन";

झ. उपायों की एक श्रृंखला के माध्यम से पहुँच, समता और समावेशन में वृद्धिः इसके साथ ही उत्कृष्ट सार्वजनिक शिक्षा के लिए अधिक अवसर; वंचित और निर्धन छात्रों के लिए निजी/परोपकारी विश्वविद्यालयों द्वारा छात्रवृत्ति में पर्याप्त वृद्धि; ओपन स्कूलिंग, ऑनलाइन शिक्षा और मुक्त दूरस्थ शिक्षा (ओ.डी.एल.); और दिव्यांग शिक्षार्थियों के लिए सभी बुनियादी ढांचे और शिक्षण सामग्री की उपलब्धता और उस तक उनकी पहुँच।

A National Seminar Collaborated With NAAC

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

डॉ. रोहित कुमार

NAAC "A" Grade

Bhagwan Aadinath College Education Mahrra Lalitpur

(Approved by NCTE & Affitialld to Bundelkhand University Jhansi (U.P.) 12b&2f UGC)

Insta Publishing

Ring Road 2, Bilaspur, Chhattisgarh – 495001

Website: **www.instapublish.in**

© Copyright, 2022, Rohit Kumar

All rights reserved. No part of this book may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted, in any form by any means, electronic, mechanical, magnetic, optical, chemical, manual, photocopying, recording or otherwise, without the prior written consent of its writer.

First Edition, 2022
ISBN: 798-93-95037-02-0
Price: ₹ 500.00

The opinions/ contents expressed in this book are solely of the author and do not represent the opinions/ standings/ thoughts of Insta Publishing.

Published by: Insta Publishing

उच्च शिक्षा में नवीन कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये शिक्षक की भूमिका एन0ई0पी0 2020 के संदर्भ में

अमरेन्द्र कुमार लाल
यू0जी0सी0 नेट शिक्षाशास्त्र
सहायक प्राध्यापक
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन,
महर्रा–ललितपुर एवं
नीरज कुमार तिवारी
सहायक प्राध्यापक
भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजूकेशन,
महर्रा–ललितपुर

सारांश :– शिक्षा एक राष्ट्र के विकास में एक विशिष्ट उत्पादनीय सेवा है जिसमें अध्यापक अपनी अहम भूमिका निभाता है साथ ही साथ अपने अध्यापकों के मार्गदशर्न में विद्यार्थी अपने ज्ञान का निर्माण स्वयं करते हैं। अध्यापक एक सुगमकर्ता के रुप में ज्ञान निर्माण की प्रक्रिया में सहभागिता निभाता है जिसमें सीखना बच्चों के लिये अर्थपूर्ण बन सके। छात्रों को नैतिक, सामाजिक, अध्यात्मिक रूप में गढ़ने में उनका योगदान एक शिल्पकार की तरह होता है। एक अध्यापक विद्यार्थी की योग्यता, क्षमता, रूचि तथा बुद्धि आदि के अनुसार शिक्षा प्रदान कर सके इस सम्बन्ध में विगत वर्षो में आयी शिक्षा नीतियों तथा विभिन्न आयोगो द्वारा इस विन्दु पर ध्यान आकृष्ट किया गया है। तत्कालीन केन्द्रीय सरकार द्वारा NEP 2020 के माध्यम में उच्च शिक्षा में शिक्षकों को अपेक्षाकृत अधिक सुदृढ़ बनाने में किए विभिन्न प्रावधानों को सम्मालित किया गया है तथा कई प्रावधानों को हटाया गया है या उन्हे संशोधित किया गया है जिससे भविष्य में भारतीय उच्च शिक्षा को और उन्नत बनाया जा सके।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

प्रस्तावना :– उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों को नवीन कौशल विकसित करके शिक्षा के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करना , यही विजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को एक क्रान्तिकारी दस्तावेज बानाता है। भारत एक ऐसे मुहाने पर है जहाँ राष्ट्र को फिर से जीवित करने और 21वी सदी के पूर्वाद्व के लिये इसके पाठ्यक्रम की रुपरेखा तैयार करने हेतू मजबूत और अच्छी तरह से परिभाषित कदमों की आवश्यकता है । जिसमें एक शिक्षक की भूमिका अति महात्वपूर्ण है जो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निर्देशित है जिससे उच्च शिक्षा में विद्यार्थीयों में नवीन कौशलों का विकास किस किस प्रकार से किया जा सकता है ,पर बल डाला गया है आज के समय में शिक्षक की भूमिका ज्ञान के प्रसारक के बजाय बच्चों में ज्ञान सृजन कराने वाले उत्प्रेरक के रूप में बदल गयी है। एक अच्छे अध्यापक के लिये आवश्यक है कि विद्यार्थियों के अधिगम की विविध स्थितियाँ उपलब्ध कराये तथा यह भी सुनिश्चित करें कि विद्यार्थी अधिगम प्रक्रिया में संलिप्त रहें।

भारत सरकार विश्व के प्रगतिशील देशों में भारत को शीर्ष पर लाने के लिये लगभग प्रत्येक क्षेत्र में व्यापक और साहसिक सुधार लाने की प्रक्रिया में कार्यरत् है। पिछले पॉच वर्षो में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिर्वतन हुये है। नई शिक्षा नीति 2020 ने हमारी शिक्षा प्रणली में बहुत ही मौलिक परिवर्तनों का प्रास्ताव रखा गया । NEP 2020 में न केवल सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि पर जोर देने के विषय की बात कही गयी है बल्कि हमारे प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी के महात्वकांक्षी मिशन आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्यों को साकार करने के लिये कौशल विकास पर भी जोर दिया गया है जिसमें एक शिक्षक की अहम भूमिका है।

शोध अध्ययन की आवश्यकता :– इस शोधपत्र के माध्यम से अध्ययन करना है कि नई शिक्षा नीति 2020 में उच्च शिक्षा में नवीन कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये एक शिक्षक की भूमिका पर क्या–क्या नवीन प्रावधान या सुधार किये गये है जो कि पूर्व में आयी शिक्षा नीतियों से बेहतर है या जिन्हे अभी तक क्रियान्वित नहीं किया जा सका है उनके लिये सरकार की क्या योजनायें या दृष्टि कोण है ? क्योंकि वर्षो से हमारे देश में जो शिक्षा प्रणाली चल रही है उसमें किस प्रकार से बदलाव होगा जिससे आज हमारी युवा पीढ़ी रटंत विद्या प्रणाली को छोड़कर

अपेक्षाकृत बेहतर शिक्षा की ओर बढ़ सके। आज हमारे समाज को रचनात्मक, कलात्मक तथा आलोचनात्मक केन्द्रित सोच रखनी होगी और इसके लिये आज के शिक्षक को भी नवीन सोच वाला होना होगा जो कि उच्च शिक्षा में विद्यार्थीयों को नवीनता के साथ जोड़ सकें।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :– आज के समय में शिक्षा की नवीन प्रवृत्तियों में शिक्षा को कौशल आधारित बनाने की प्रकृति चल रही है जिसमें शिक्षक की भूमिका अति महात्वपूर्ण है। अतः प्रस्तुत शोध के निम्नलिखित उद्देश्य हैं –

1. कौशल आधारित शिक्षा का अध्ययन।
2. डिजिटल साक्षरता।
3. पुस्तकालय मीडिया विशेषज्ञ।
4. उच्च शिक्षा में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम।
5. इन्सिटीट्यूशनल परिणाम और काउंसलिंग।
6. विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्वायत्ता।

कौशल आधारित शिक्षा :– वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष बल दिया जा रहा है। अतः राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मे यह व्यवस्था दी गयी है कि इसके लिये शिक्षकों को प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन दिया जाये ताकि यह शिक्षा विद्यार्थियों के लिये रोजगारोन्मुखी होने के कारण विशेष उपयोगी हो। आज विश्व स्तर पर रूझान बदल रहे है, मशीनें मनुष्यों का स्थान ले रही है। चालक रहित कार, रोबोट सर्जरी का प्रचलन बढ़ रहा है इसलिये बदलती हुई तकनीक से युक्त रखने के लिये शिक्षार्थियों को शिक्षित किया जायें।

हर व्यक्ति को परिस्थितियों को संभालने, समस्याओं के समाधान खोजने, समीक्षको को सोचने, आत्मनिरीक्षण करने, संकट का प्रबन्धन करने और उससे बचने के साधनों को खोजने के लिये तैयार होने की आवश्कता है।

डिजिटल साक्षरता :– आज अधुनिक शिक्षा प्रोद्योगिकी से संचालित हो रही है। आज के विशाल आनलाईन पाठ्यक्रमों के साथ शिक्षा का भविष्य बढ़ रहा है। छात्र अधिक से अधिक इण्टरनेट का प्रयोग कर सके एवं सभी की वहाँ तक पहुँच हो। NEP2020 में उक्त नई परिस्थितियों और वास्तविकताओं के लिये नयी पहल की गयी है। इस सम्बन्ध में प्रौद्योगिकी

की नई चुनौतियों को स्वीकार करते हुये उससे मिलने वाले लाभों के साथ–साथ ऑनलाईन डिजिटल शिक्षा की हानियों को कम करते हुये हम कैसे इनका लाभ उठायें इसका भी ध्यान रखा गया है।

पुस्तकालय मीडिया विशेषज्ञ :– वास्तव में पुस्तकालय तेजी से स्थानीय प्रौद्योगिकी के केन्द्र बन रहे हैं। चूँकि पुस्तकालय अध्ययन सामग्री सेवाओं की पेशकश करते हैं जिसके किये प्रौद्योगिकी के ज्ञान और अध्ययन की आवश्यकता है। NEP2020 के तहत आज शिक्षकों के ऊपर यह दायित्व भी आ गया है कि पुस्तकालय मीडिया विशेषज्ञो की तरह प्रौद्योगिकी और अनुसंधान विधियों की जानकारी रखे तथा इस ज्ञान को अपने छात्रों तक पहुँचाये। जहॉ जहॉ NEP2020 की व्यावस्थाये लागू हो रही है वहॉ वहॉ शिक्षक वर्ग इस काम को बखूवी अंजाम भी दे रहे है।

उच्च शिक्षा में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम :– हमारे देश में उच्च शिक्षा प्रणली में सर्वोच्च रूप से गणित अध्याधिक स्तरीय तथा राष्ट्र के सम्मानित नागरिकों द्वारा प्रभावित रही है। उच्च शिक्षा अनेक परिर्वतनों के दौर से गुजर चुकी है। भारत में उच्च शिक्षा के सामने सुलभता, प्रासंगिकता, गुणवत्ता, समता तथा समतुल्य चुनौतियॉ है। आज एक और राजनैतिक बाध्यता, सामाजिक मांग, वाह्य दबाव तथा आन्तरिक असंतोष बढ़ रहा है। वहीं विद्यार्थियों की बेचैनी तथा रोजगारपरक की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रहीं है। इसी के साथ–साथ राष्ट्रीय नीतियों में परिर्वतन जैसे कि वैश्वीकरण, औद्योगीकरण, निजीकरण तथा सूचना तकनीकी का प्रभाव शैक्षिक क्षेत्रों में पड़ा है। जिससे उच्च शिक्षा का प्रसार और विकास अनेक दिशाओं में हुआ ।

NEP 2020 में शिक्षा सुधार के लिये एक नीतिगत ढॉचा तैयार किया गया है जिसमें कहा गया है कि विश्वविद्यालय को उद्योगो के साथ भागीदारी के लिये अधिक प्रोत्साहन देना चाहिये। इससे विश्वविद्यालयों को शिक्षण व अनुसंधान के लिये अत्याधिक राशि जुटाने का अवसर मिलेगा। उनको आर्थिक स्वतंन्त्रता, अभिनव तकनीकी की सुलभता तथा विद्यार्थियों के लिये बेहतर रोजगार, पाठ्यक्रम का सत्त् उन्नयन तथा विद्यार्थियों को बेहतर प्रेरणा प्राप्त होगी। यही कारण है कि विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय एक वैकल्पिक व्यवस्था उत्पन्न करने की दृष्टि से स्ववित्त

पाठ्यक्रमों की मदद ले रहे हैं। जो उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान कर सकें और उच्च शिक्षा केवल वर्ग तक सीमित न रह जाये।

इन्सिटीट्यूशनल रिजल्ट और काउंसलिंग :– NEP2020 के तहत् –

1. 2040 तक सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को बहुविषयक संस्थान बनाने पर जोर दिया गया है जिसमें प्रत्येक का लक्ष्य 3000 या अधिक छात्र होंगें।
2. 2030 तक हर जिले में या उसके व्यास में कम से कम एक बड़ा बहुविषयक उच्च शैक्षणिक संस्थान होगा।
3. इसका उद्देश्य उच्चशिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को 2035 तक व्यवसायिक शिक्षा सहित 50 प्रतिशत तक बढ़ाना होगा।
4. विकास सार्वजनिक और निजी दोनों संस्थानों में से होगा जिसमें बड़ी संख्या में उत्कृष्ट सार्वजनिक संस्थानों पर जोर होगा।
5. नवीन कौशलों को बढ़ावा देने के लिये NEP2020 की नीति में केवल कृषि विश्वविद्यालयों, कानूनी विश्वविद्यालयों, स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालयों, तकनीकी विश्वविद्यालयों, और अन्य क्षेत्रों में एकल संस्थानों का उद्देश्य समग्र और बहुविषयक शिक्षा प्रदान करने वाले बहुविषयक संस्थान के रुप में होगा।

NEP 2020 के तहत नवीन कौशल को बढ़ावा देने के लिये योग्यता आंकलन के बजाय नियमित एवं रचनात्मक आंकलन को अपनाने की परिकल्पना की गयी है जो कि अपेक्षाकृत अधिक योग्यता आधारित है जिसमें शिक्षक महात्वपूर्ण भूमिका निभायेंगें। इस तरह के आंकलन सीखने के साथ–साथ अपना विकास करने का भी बढ़ावा देगा साथ ही उच्चस्तरीय कौशल जैसे कि विश्लेषण क्षमता, आवश्यक चिन्तन–मनन करने की क्षमता और वैचारिक स्पष्टता का ऑकलन करेगा।

विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों को स्वायत्ता :– भारत में आज सरकारी अंकुश को विश्वविद्यालयों के विधेयको में परिर्वतन कर कम किया जा रहा है ताकि विश्वविद्यालय आर्थिक दृष्टि से इतने आत्मनिर्भर बनाये जा सके कि उन्हे कि उन्हे राजकीय कोष पर आधारित न होना पड़े। NEP2020 में उपरोक्त कार्यक्रम पर दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाते हुये नई विनियामक प्रणली को ग्रेडेड ऑटोनामी के माध्यम से समाप्त किया जायेगा। वर्तमान

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

में विश्वविद्यालय से सम्बन्धित सभी महाविद्यालय प्रत्यायन कराने और स्वायत्त डिग्री देने वाले महाविद्यालय बनाने के लिये निर्धारित बैचमार्क एक समय अवधि में प्राप्त करेंगे, जिसे उचित मेंटरिंग और सरकार के सहयोग से प्राप्त किया जा सकेगा।

ग्रेडेड प्रत्यायन और ग्रेडेड स्वायत्ता की एक उपयुक्त प्रणाली के माध्यम तथा चरणबद्ध तरीके से सभी उच्चतर शिक्षण संस्थानों को उत्कृष्टता का अनुशीलन करने वाले स्वतन्त्र स्वास्थायी संस्थान बनाना होगा। इस कदम से हमें अधिक ऊर्जावान एवं योग्य शिक्षक मिल सकेंगें जिससे हमारे विद्यार्थी जो कि भारत का भविष्य हैं एक सफल, आत्मनिर्भर तथा आदर्श नागरिक बन सकेंगें।

निष्कर्ष :– उच्च शिक्षा में नवीन कौशल आधारित शिक्षा को किस–किस तरीके से NEP2020 में सुधार दिया गया है तथा किन–किन नये आयामों को रखा गया है यह सब इस शोध पत्र के माध्यम से हमने सीमित शब्दों में परन्तु प्रभावी ढंग से जाना। NEP2020 के प्रावधानों में व्यवसायिक कौशल जैसे कारपेन्टिग, प्लम्बिंग, बिजली, की मरम्मत, बागवानी, कटाई, सिलाई आदि में प्रशिक्षण दिया जायेगा साथ ही साथ डिजिटल साक्षरता, शिक्षक को मीडिया विशेषज्ञ की भूमिका में निर्वाहन, उच्च शिक्षा में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों तथा विश्वविद्यालयों को स्वायत्ता प्रदान करने की महात्वपूर्ण दूरदर्शी सोच है। वर्ष 2022 तक भारत दुनियां में सबसे ज्यादा कामकाजी आबादी वाला देश होगा। इसके लिये नवीन कौशलों के साथ–साथ जो भी प्रावधान NEP2020 में किये गये है वे सराहनीय एवं चुनौतीपूर्ण भी है जिसमें एक शिक्षक की महती भूमिका है और रहेगी। क्योंकि हम वर्षो से सुनते आयो है और यह अटल सत्य भी है कि शिक्षक ही वह मूर्तिकार या कुम्हार की भूमिका में होता है जो अपने शिक्षार्थियों को जो चाहे आकार दे दे। और यह शिक्षा नीति जैसा कि आशा है अपने शिक्षकों को मात्र शिक्षक ही नही बल्कि अपने विद्यार्थियों के लिये एक पथप्रदर्शक, दार्शनिक और मित्रवत् व्यवहार करने वाला बनाने के साथ–साथ अधिक कर्त्तव्यनिष्ठ, परिश्रमी और जवाबदेही पूर्ण बनायेगी।

A National Seminar Collaborated With NAAC

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

डॉ. रोहित कुमार

NAAC "A" Grade
Bhagwan Aadinath College Education Mahrra Lalitpur
(Approved by NCTE & Affitialld to Bundelkhand University Jhansi (U.P.) 12b&2f UGC)

Insta Publishing

Ring Road 2, Bilaspur, Chhattisgarh – 495001

Website: **www.instapublish.in**

© Copyright, 2022, Rohit Kumar

All rights reserved. No part of this book may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted, in any form by any means, electronic, mechanical, magnetic, optical, chemical, manual, photocopying, recording or otherwise, without the prior written consent of its writer.

First Edition, 2022
ISBN: 798-93-95037-02-0
Price: ₹ 500.00

The opinions/ contents expressed in this book are solely of the author and do not represent the opinions/ standings/ thoughts of Insta Publishing.

Published by: Insta Publishing

शिक्षा में समानता और समावेशन सुनिश्चित करने में शिक्षक शिक्षा का प्रभाव

राकेश कुमार
एम.एड. ,एम.फिल,यू.जी.सी.नेट(शिक्षाशास्त्र),
सहायक प्राध्यापक बी.एड.
भगवान आदिनाथ कालेज ऑफ एजूकेशन
महर्रा ललितपुर ।
एवं
कु0वंदना सिंह
सहायक प्राध्यापक बी.एड.
भगवान आदिनाथ कालेज ऑफ एजूकेशन
महर्रा ललितपुर ।

सारांश – आज के लोकतांत्रिक परिदृश्य में शैक्षिक समानता की चर्चा आम है शिक्षा के अवसर व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुसार मिलने चाहिए। अवसरों की प्राप्ति मे जाति , समप्रदाय, क्षेत्र , भाषा,दलगत , राजनीति या शारीरिक विकलांगता बाधक नहीं होने चाहिए । जिससे बिना किसी भेदभाव के छात्र को विद्यालय में प्रवेश मिले , उसे शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा मिले और मूल्यांकन मे उसकी योग्यता की परख हो। इसमें कोई भेद भाव ना होकर सबको आगे बढने के अवसर उपलब्ध होना चाहिए ।

संकेताक्षर – समानता, समायोजन, अवसर, भेदभाव, वंचित, अधिगम असमर्थी, विभेद, संरचना, परिदृश्य, अक्षमता, समप्रदाय।

प्रस्तावना – शिक्षा में समानता से लोग इसका आशय अधिकारों और अवसरों तथा सुविधाओं के बराबर बॉटने से लगाते हैं चाहे कोई उनका लाभ उठा सके अथवा नहीं । सभी मनुष्यों में एक सी शक्ति नहीं होती है और सभी लोग अवसरों व सुविधाओं से बराबर लाभ भी नहीं उठा सकते है। अतः सबको बराबर बॉट कर देने का परिणाम यह होगा कि कुछ उनका लाभ उठा सकेगें और कुछ नहीं । कुछ उनका दुरुपयोग करेगें तो

कुछ को अधिक अवसरों व सुविधाओं की आवश्यकता होगी। समता या समानता का आशय यह है कि प्रत्येक व्यक्ति को उतनी सुविधा या अवसर दिए जाए जिनका वह लाभ उठा सके और यदिवह उनसे लाभ न उठा सके तो वे उतनी मात्रा में न दिए जायें , समानता का अर्थ सबके लिए समान नीति से है ,सबको समान बनाने से नहीं । भारतीय संविधान के अनुच्छेद 45 में प्रावधान है कि लोकतंत्र को सफल बनाने तथा उसकी सुरक्षा के लिए सभी नागरिकों का शिक्षित होना अनिवार्य है लोकतंत्र वह शासन पद्धति होती है जिसमें सर्वोच्च सत्ता जनता के हाथ में होती है। शैक्षिक अवसरों की समानता के अन्तर्गत महिलाओं की शिक्षा, अनुसूचित जाति की शिक्षा , अनुसूचित जनजाति की शिक्षा , अल्पसंख्यकों की शिक्षा, विकलांगों की शिक्षा तथा वंचितो की शिक्षा की व्यवस्था आती है।

शिक्षा में समावेशन से अभिप्राय सामान्य बच्चों के साथ साथ असमान्य बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की जाए इसका प्रमुख उद्देश्य यह है कि असमर्थ बच्चे भी सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा प्राप्त करते है तो उनमें भी जिंदगी के प्रति उत्साह ,राग, उल्लास,आनन्द उत्पन्न होता है इससे उनके अंदर निराशा हताशा की जगह जिजीविशा उत्पन्न होती है।जिंदंगी में रंग बिखरने लगते है सामान्य बालको की तरह उनमें भी स्वस्थ स्पर्धा जन्म लेने लगती है। जिससे वे समाज की मुख्य धारा से जुड कर जीवन जीना प्रारम्भ कर देते है।

किसी भी देश की शिक्षा का मूल्यांकन करना हो तो सबसे पहले प्रारम्भिक शिक्षा का ही नाम जेहन में आता है और प्राथमिक शिक्षा के स्तर से ही उस देश की शिक्षण व्यवस्था का मुल्याकंन किया जा सकता है। हमारे देश में स्वराज्य के 75 वर्षों भी प्राथमिक शिक्षा की स्थिति संतोष जनक नहीं है । इसके कई कारण है और सबसे बडा कारण प्राथमिक शिक्षा की मशीनरी का सही से कार्य न करना भी है । शिक्षा में समानता का अभाव देखने को मिल रहा है।यह सिर्फ विद्यालय में रजिस्ट्रेशन करने से खत्म नहीं की जा सकती है बल्कि इसका आउटपुट क्या है इससे आकी जानी चाहिए। हमारे देश में सर्वप्रथम कोठारी आयोग 1964–66 ने सुझाव दिया है कि 6से 14 आयु वर्ग के बच्चों की कक्षा 1 से 08 तक ही शिक्षण अनिवार्य एवं निःशुल्क दी जाय , संविधान के अनुच्छेद 45 में यह घोषणा की गई है कि राज्य इस संविधान के लागू होने के समय से 10 वर्ष के अन्दर 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों की अनिवार्य एवं निशुल्क

शिक्षा की व्यवस्था करेगा और इसके अनुछेद 29 में यह घोषणा की गई है कि राज्य द्वारा घोषित अथवा आर्थिक सहायता प्राप्त किसी भी शिक्षण संस्थान में किसी भी बच्चे के धर्म , मूलवंश , अथवा जाति ,नस्ल ,भाषा के आधार पर प्रवेश से वंचित नही किया जायेगा।जिसका अनुसरण करते हुए शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 (Right to Education) बनाया गया।

शोध अध्ययन की आवश्यकता – मेरे शोध पत्र के माध्यम से अध्ययन करना है कि शिक्षा में समानता और समावेशन सुनिश्चित मे शिक्षक की भूमिका का प्रभाव का अध्ययन करना है । मुझे इसकी आवश्यकता इसलिए महसूस हुई क्योंकि आजादी के बाद से ही सबको समान बनाने की चर्चा चल रही है।लेकिन आज आजादी के 75 वर्षो बाद भी समाज में समनता नहीं हो पा रही है। किसी को शिक्षा का किसी को जाती का ,किसी को धर्म का ,किसी को अमीरी का ,किसी को सत्ता का दम्भ है और असमनता इन्ही स्तरों पर बनी हुई है। तो हम जितने भी स्तरों पर असमनता को कम करके समानता ला सकें यह समाज के लिए संजीवनी का कार्य करेगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं NEP 2020 जैसी योजनाएं सरकार ने लागू की है इससे सम्भवता कुछ असमानताओं को कम करने में मदद मिलेगी । अब बात करें समावेशन की तो इसकी अत्यन्त आवश्यकता मुझे महसूस हुई क्योंकि कक्षाओं में एक भी बालक विकलांग दिख जाता है तों मन में उसके भविष्य के प्रति संवेदनशीलता तथा हमदर्दी होने लगती है। अत: मुझे महसूस हुआ कि समावेशन पर भी शोध की आवश्यकता है।जिससे उनके उज्जवल भविष्य की सम्भावना तलाशी जा सके।

शोध अध्ययन के उद्देश्य –

1. शिक्षा में समानता का अध्ययन करना।
2. शिक्षा में महिला शिक्षा की समानता का अध्ययन करना।
3. शिक्षा में वंचितो की शिक्षा में समानता का अध्ययन करना।
4. समावेशन का अध्ययन करना ।
5. समावेशन कैसे किया जा सकता है इसका अध्ययन करना।

शिक्षा में समानता से अभिप्राय – शैक्षिक अवसरों की समानता से तात्पर्य सभी के लिए एक समान शिक्षा नही है। बल्कि प्रत्येक बालक की शारीरिक

, मानसिक, नैतिक, परिस्थितियों के अनुरुप शिक्षा प्रदान करना है। इसका तात्पर्य राज्य द्वारा व्यक्तियों की शिक्षा के संदर्भ में जाति ,रंग, रुप, प्रान्तीयता, भाषा एवं धर्म आदि के मध्य भेदभाव न करने से भी है।साधारणतया जब हम शिक्षा में समानता की बात करते हैं तो तीन बातें शिक्षा की समानता की सूचक कही जा सकती है–

क. प्रवेश की समानता

ख. स्तर की समानता

ग. परिणाम की समानता

क. प्रवेश की समानता – योग्यता के अलावा प्रवेश की कोई भी कसोटी नही होनी चाहिए। जाति ,धर्म , भाषा, क्षेत्र इसमें बाधक न हो । कुछ समय पहले शूद्रों एवं स्त्रियों को पढने का अधिकार नही था इस असमानता को दूर करने के लिए संविधान के अनुछेद 45 में यह घोषणा की गई है कि राज्य इस संविधान के लागू होने के 10 वर्ष के अंदर 6 से 14 वर्ष के बालक बालिकाओं को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगा, अनुच्छेद 29 में यह घोषणा की गई है कि राज्य द्वारा पोषित किसी भी शिक्षण संस्थान में किसी भी बच्चें के धर्म मूलवंश तथा जाति के आधार पर प्रवेश से वंचित नही किया जायेगा।

ख.स्तर की समानता – स्तर की समानता का तात्पर्य है कि एक स्तर की शिक्षा सबको,बिना भेद भाव के मिलनी चाहिए,यह स्तर प्राथमिक या माध्यमिक हो सकता है। यह शिक्षा अनिवार्य एवं निशुल्क होनी चाहिए। देश में सर्वप्रथम कोठारी आयोग (1964–66) ने यह सुझाव दिया था जिसका अनुसरण करते हुए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू हुआ।

ग.परिणाम की समानता – शिक्षा के परिणाम स्वरुप व्यक्ति जीविकोपार्जन करता है शिक्षा प्राप्त करने के बाद जीवनयापन समान एवं सुलभ होने चाहिए जैसा कि महात्मा गांधी ने बेसिक शिक्षा के संदर्भ में कहा है कि शिक्षा बीमे की तरह होनी चाहिए।

2.शिक्षा में महिला समानता का अध्ययन करना– 1947 के बाद स्त्री शिक्षा की प्रगति तीव्रगति से हुई और उनकी सामाजिक स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन आये। स्त्रियों के प्रति दृष्टिकोण समानता का हो रहा है भारतीय

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

संविधान के अनुच्छेद 15(1), 16 (1),16 (2) के अनुसार किसी भी नागरिक से लिंग के आधार पर भेदभाव नही किया जायेगा,धारा 15 के अनुसार राज्य किसी नागरिक के विरुद्व केवल धर्म, जाति,लिंग,जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर कोई भेद भाव नही किया जायेगा। इसी कारण जो महिलाओं की 1951 में साक्षरता दर 8.86 प्रतिशत थी वो 2001 में बढकर 54.16 प्रतिशत हो गई। स्त्री शिक्षा के लिए राधाकृष्णन आयोग ने कहा – शिक्षित स्त्री के बिना व्यक्ति शिक्षित नही हो सकता है। नारी शिक्षा के लिए आयोग ने सुझाव दिये–

1. नारी को सुगृहणी एवं सुमाता बनाने की शिक्षा दी जाए।
2. स्त्रियों के लिए शिक्षण सुविधाओं का विस्तार किया जाए।
3. अध्यापिकाओं को समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए।

राष्ट्रीय महिला शिक्षा समिति – इस समिति को समिति की अध्यक्षा के नाम पर दुर्गाबाई देशमुख समिति कहकर भी पुकारा जाता है समिति ने अपना प्रतिवेदन 1959 में भारत सरकार के सम्मुख प्रस्तुत किया जिसके सुझाव इस प्रकार है–

1. भारत सरकार से कुछ समय तक स्त्री शिक्षा की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है साथ ही स्त्रीयों के लिए अलग से प्रशासनिक व्यवस्था की जानी चाहिए।
2. स्त्री शिक्षा के प्रसार हेतु राज्यों में बालिकाओं तथा महिलाओं की शिक्षा के लिए राज्य परिषदें गठित की जानी चाहिए।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्री शिक्षा के प्रसार के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए।

कोठारी आयोग (1964–66) में दौलत सिंह कोठारी की अध्यक्षता में गठित शिक्षा आयोग जिसने अपना प्रतिवेदन 1966 मे प्रस्तुत किया था ने मानव संसाधन के विकास ,परिवारो की उन्नति तथा बालको के चरित्र निमार्ण में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की शिक्षा को अधिक महात्वपूर्ण ,स्वीकार किया है तथा महिला शिक्षा के लिए अपने सुझाव दिये है–

1. बालिकाओं की अनिवार्य शिक्षा के लिए अधिकाधिक प्रयास किये जाए।
2. उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं के लिए अलग विद्यालय खोले जायें।

3. बालिकाओं के लिए निःशुल्क छात्रावासो एवं छात्रवृत्ति की व्यवस्था की जाए।
4. बालिकाओं के लिए उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाए।
5. स्त्री शिक्षा के मार्ग की बाधाओं को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाये जाए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में स्त्रियों की शिक्षा में व्यापक परिवर्तन लाने की संकल्पना की गई है जिसमें निम्न बाते सामने आयी –

1. विभिन्न पाठकमों के अंग के रुप में स्त्रीयों के अध्ययन को बढावा दिया जाए।
2. शिक्षण संस्थानों को स्त्री विकास के कार्यकमों को संचालित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।
3. विभिन्न स्तरों व्यवसायिक ,तकनीकि तथा कृषि शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी पर विशेष बल दिया जाए।

प्रोफेसर राममूर्ति समिति 1991 – समिति ने बालिका शिक्षा पर निम्न सुझाव दिये है–

1. अध्यापिकाओं की अधिक से अधिक नियुक्ति की जाए।
2. विद्यालय में पोषण ,स्वास्थ्य तथा बालविकास का समावेश किया जाए।
3. विभिन्न स्तरो पर महिला अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना की जाए।
4. शिक्षा में वंचितो की शिक्षा की समानता का अध्ययन करना– वंचित शब्द का शाब्दिक अर्थ है आभाव ,विहीन आदि। जब कोई व्यक्ति किसी वस्तु या सुविधा से विहीन हो जाता है तो ऐसा व्यक्ति असंतुष्ट रहता है और अपने व्यक्तित्व का पूर्ण या अधिकतम विकास नही कर पाता ।कभी कभी जब समाज में किसी एक वर्ग के लिए किसी सुविधा से वंचित कर दिया जाता है तो वह वर्ग वंचित वर्ग कहलाता है।वैसे वंचन कई प्रकार के होते है–

1. शारीरिक वंचना या विकलांगता
2. मानसिक वंचना या विकलांगता
3. आर्थिक वंचना या विकलांगता
4. सामाजिक वंचना या विकलांगता
5. सांस्कृतिक वंचना या विकलांगता

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार समानता के अवसर – शिक्षा सामाजिक न्याय और समानता प्राप्त करने का एक मात्र और प्रभावी साधन है यद्यपि भारतीय शिक्षा प्रणाली और सरकारी नीतियों ने विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था के सभी स्तरों में लिंग और सामाजिक श्रेणीयों के अंतरालों को कम करने की दिशा में लगातार प्रगति की है किन्तु असमानता अभी भी देखी जा सकती है विशेषकर माध्यमिक स्तर पर हम सामाजिक आर्थिक रुप से वंचित ऐसे समूहों को देख सकते है जो शिक्षा के क्षेत्र में भूतकाल से ही पीछे रहे है। सामाजिक ,आर्थिक रुप से वंचित (एस0ई0डी0जी0) इन समूहों में लिंग (विशेष रुप महिला व टांन्सजेंडर व्यक्ति) सामाजिक सांस्कृतिक पहचान (जैसे अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जन जाति ,ओ0बी0सी0 और भाषायी तथा धार्मिक अल्पसंख्यक) भौगोलिक पहचान (जैसे – गांव ,कस्बे आंकाक्षी जिले के विद्यार्थी , विशेष आवश्यकता) सीखने से संबन्धित अक्षमता सहित और सामाजिक, आर्थिक स्थिति जैसे कि प्रवासी समुदाय,निम्नआय वाले परिवार,असहाय स्थिति में रहने वाले बच्चे, बाल तस्करी के शिकार बच्चे जिनमें शहरों में भीख मॉगने वाले अनाथ बच्चे शहरी गरीब भी शामिल है के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है। अब जबकि स्कूलों में कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक लगातार नामाकंन घट रहा है। और नामाकंन में यह गिरावट सामाजिक आर्थिक रुप से वंचित समूहों में अधिक है और विशेषकर इन (एस0ई0डी0जी0) कीमहिला विद्यार्थियों के संबन्ध में यह और अधिक स्पष्ट है तथा उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में (एस0ई0डी0जी0) के नामाकंन में यह गिरावट और अधिक है।

4. समावेशन का अध्ययन करना – शैक्षिक समावेशन से आशय उस शिक्षा व्यवस्था से है जो सामान्य स्तर के छात्रों से अधिक एवं निम्न मानसिक स्तर के छात्रों के लिए होती है इसका स्वरूप छात्रों की योग्यता क्षमता एवं स्थितियों के अनुरूप होता है जिसमें सामान्य बालकों के साथ विशिष्ट बालकों को शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था रहती है ।

शैक्षिक समावेशन के उद्देश्य–

1. इसके माध्यम से छात्राध्यापक या प्रशिक्षु विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रति संवेदनशील हो सकेंगे।

2. सामान्य विद्यालय के अध्यापक शारीरिक मानसिक सामाजिक तथा आर्थिक दृष्टि से पिछड़े बालकों की पहचान कर उनकी उचित देखरेख का निर्देशन दे सकेंगे ।
3. शैक्षिक समावेशन द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बालकों की शैक्षिक मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक समस्याओं की विवेचना कर समाधान कर सकेंगे ।
4. शैक्षिक समावेशन की आवश्यकता को समझ कर विद्यालय में समावेशित वातावरण का सृजन कर सकेंगे ।
5. विशिष्ट बालकों के लिए शैक्षिक कार्य योजना का निर्माण कर उसका क्रियान्वयन कर सकेंगे ।
6. विशिष्ट आवश्यकता वाले बालकों की पहचान कर विशेष शिक्षण योजना तैयार कर सकेंगे तथा एक अच्छे अध्यापक की भूमिका का निर्वाह निर्वहन कर सकेंगे।

समावेशन कैसे किया जा सकता है इसका अध्ययन करना– ऐसे बालकों की पहचान कर ऐसी शिक्षा दी जाए कि वह आत्मनिर्भर बन सकें तथा जीवन निर्वाह भली–भांति कर सकें अतः हस्तकला दस्तकारी की व्यवसायिक शिक्षा देना अपेक्षित है इनमें समायोजन की भावना का विकास करना आवश्यक है समाज में भली–भांति समायोजन के लिए उनकी भाषाएं क्षमता का विकास किया जाना चाहिए सामान्य एवं प्रतिभावान बालकों के साथ संपर्क बनाए रखने से इनकी मानसिक शक्ति बढ़ती है और सामाजिक तत्वों का ज्ञान होता है विशेष रूप से ऐसे बालकों के लिए पृथक विद्यालयों अथवा कक्षाओं की आवश्यकता रहती है मानसिक रूप से मंद बालकों के लिए पाठ सहगामी क्रियाएं होनी चाहिए इन में अधिकाधिक खेलकूद एवं मनोरंजन की व्यवस्था होनी चाहिए विभिन्न पाठ सहगामी क्रियाओं के माध्यम से उनमें आत्मनिर्भरता एवं समायोजन की भावना उत्पन्न होती है सामान्य बालकों से इनका पाठ्यक्रम पृथक होना चाहिए पठन में वस्तुओं और सड़कों गलियों नगरों मूल्यों सूचियों के जानने तथा अपने परिवार एवं पास पड़ोस की वस्तुओं से परिचय पाने आदि पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि इससे उन्हें सामाजिक जीवन से संबंधित ज्ञान प्राप्त होता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार समावेशन – समतामूलक एवं समावेशी शिक्षा न केवल स्वयं में एक आवश्यक लक्ष्य है बल्कि समतामूलक एवं समावेशी समाज निमार्ण के लिए अनिवार्य कदम है जिसमें प्रत्येक नागरिक को अपने सपने सजोने ,विकास करने और राष्ट्रहित में योगदान करने का अवसर उपलब्ध हो । यह शिक्षा नीति ऐसे लक्ष्यों को लेकर आगे बढती है जिससे भारत देश के किसी भी बच्चे के सीखने और आगे बढने के अवसरों में उसकी जन्म या पृष्ठभूमि से संबन्धित परिस्थितियां वाधक न बन जाए। यह नीति इस बात की पुनः पुष्टि करती कि स्कूल शिक्षा में पहुॅच ,सहभागिता और अधिगम परिणामों में सामाजिक श्रेणी के अंतरालों को दूर करना सभी शिक्षा क्षेत्र विकास कार्यक्रमों का मुख्य लक्ष्य होगा।

सरकार द्वारा उठाये जाने वाले कदम–

क.(एस0ई0डी0जी0)की शिक्षा के लिए समुचित सरकारी निधि का निर्धारण।

ख.उच्चतर तथा (एस0ई0डी0जी0) के लिए स्पष्ट लक्ष्यों का निर्धारण ।

ग.उच्चतर शिक्षण संस्थानों की प्रवेश प्रक्रिया में जेंडर संतुलन को बढावा देना।

घ.विकास की ओर उन्मुख जिलों में उच्चतर गुणवत्तायुक्त उच्चतर शिक्षण संस्था बनाकर और बडी संख्या में (एस0ई0डी0जी0) के लिए हुए विशेष शिक्षा क्षेत्र बनाकर पहुच को सुधारना।

सभी उच्चतर शिक्षण संस्थानों द्वारा उठाये जाने वाले कदम–

1. सामाजिक आर्थिक रुप से वंचित छात्रों को अधिक वित्तीय सहायता और छात्रवृत्ति प्रदान करना।
2. उच्चतर शिक्षा के अवसरों और छात्रवृत्ति से जुडी जागरुकता का प्रचार प्रसार करना।
3. प्रवेश प्रक्रियाओं को अधिक समावेशी बनाना।
4. पाठ्यकम को अधिक समावेशी बनाना।
5. उच्चतर शिक्षा पाठ्यकमों को रोजगार परक बनाना।
6. यह सुनिश्चित करना कि सम्बन्धित इमारते और अन्य बुनियादी सुविधाएं ,व्हीलचैयर सुलभ और दिव्यगजनों के अनुकूल हों।
7. वंचित शैक्षिक पृष्ठ भूमि से आने वाले विद्यार्थियों के लिए ब्रिजकोर्स निर्मित करना।

8. ऐसे सभी विद्यार्थियों को उपयुक्त सलाह और कार्यक्रमों के जरिये सामाजिक भावात्मक और अकादमिक सहायता व सलाह प्रदान करना।
9. भेदभाव और उत्पीडन के खिलाफ बने सभी नियमों को शक्ति से लागू करना।
10. पाठ्यक्रम सहित उच्चतर शिक्षण संस्थानो के सभी पहलूओं द्वारा संकाय सदस्यों ,परामर्शदाताओं और विद्यार्थियों को जेंडर पहचान के प्रति संवेदनशील और समावेशित करना।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध में शोधार्थी ने शिक्षा में समानता और समावेशन सुनिश्चित करने में शिक्षक के प्रभाव का अध्ययन किया है। इसमें शोधार्थी ने सभी तथ्यों पर प्रकाश डालने के पश्चात इस निष्कर्ष पर पहुँचा है कि जब तक अध्यापक स्वयं उत्साहित होकर विद्यालयों में शिक्षा प्रसारित नही करेगा तब तक हम कितनी भी योजना बनाले आउटपुट शून्य ही रहने वाला है क्योंकि आप अध्यापकों को विद्यालय पहुँचा सकते है अध्यापन कार्य नही सकते। पढाने की अध्यापक के अंदर से इच्छाशक्ति होनी चाहिए। तभी वह प्रभावी शिक्षण कर पायेगा। इसके लिए चाहिए कि अध्यापकों ,अधिकारियों ,शिक्षा से संबन्धित अधिकारियों के पाल्यों का पंजीकरण उनसे संबन्धित विद्यालयों में होना चाहिए जिससे उनके बच्चों का भविष्य भी विद्यालयों पर निर्भर होना चाहिए जहॉ से आप हजारो लाखों रुपये वेतन प्रतिमास प्राप्त कर रहे हो। जबतक यह व्यवस्था लागू नही होती तब तक अध्यापक अपने कार्यो की इतिश्री करते रहेगें।

संदर्भ ग्रन्थ सूची –

1. टण्डन डा.उमा ,गुप्ता डा0 अरुणा (2008) उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक आलोक प्रकाशन लखनऊ इलाहाबाद
2. सारस्वत डा0 मालती,गौतम प्रो0एस0एल0 भारतीय शिक्षा का विकास एवं सामायिक समस्यायें आलोक प्रकाशन लखनऊ इलाहाबाद
3. पाण्डेय डा0 रामसकल (2005) उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक विनोद पुस्तक मंदिर आगरा।
4. सक्सेना एन0आर0स्वरुप एवं चर्तुवेदी शिक्षा (2010) उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक आर लाल बुक डिपो।
5. जैन डा0अंजु ,सिंह मोनिका शिक्षा अधिगम के सिद्वान्त कुमार पब्लिकेशन आगरा उत्तर प्रदेश।

A National Seminar Collaborated With NAAC

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

डॉ. रोहित कुमार

NAAC "A" Grade
Bhagwan Aadinath College Education Mahrra Lalitpur
(Approved by NCTE & Affitialld to Bundelkhand University Jhansi (U.P.) 12b & 2f UGC)

Insta Publishing

Ring Road 2, Bilaspur, Chhattisgarh – 495001

Website: **www.instapublish.in**

© Copyright, 2022, Rohit Kumar

All rights reserved. No part of this book may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted, in any form by any means, electronic, mechanical, magnetic, optical, chemical, manual, photocopying, recording or otherwise, without the prior written consent of its writer.

First Edition, 2022
ISBN: 798-93-95037-02-0
Price: ₹ 500.00

The opinions/ contents expressed in this book are solely of the author and do not represent the opinions/ standings/ thoughts of Insta Publishing.

Published by: Insta Publishing

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सन्दर्भ में सीखने को बढ़ावा देने केलिए अभिनाव शिक्षा

अश्विनी कुमार जैन
सहायक प्राध्यापक बी.एड.
भगवान आदिनाथ कालेज ऑफ एजूकेशन
महर्रा ललितपुर ।
एवं
जयप्रकाश
सहायक प्राध्यापक बी.एड.
भगवान आदिनाथ कालेज ऑफ एजूकेशन
महर्रा ललितपुर ।

सारांश – ज्ञान की अभिवृद्धि, वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रगति तथा भौतिकता के संचार के कारण समाज तेजी से बदल रहा है ।समाज में आर्थिक,सामाजिक ,सांस्कृतिक एवं राजनीतिक परिवर्तन भी तेजी से परिदृश्य को बदलते जा रहे हैं। लेकिन इन परिवर्तनों के अनुरूप शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन नहीं हो पा रहा है ।अतएव शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन के अनुरूप लाने तथा जन आकांक्षाओं की प्रतिपूर्ति हेतु सक्षम बनाने के लिए नए विचारों, नई तकनीकों ,नई विधियों अथवा नवाचार की आवश्यकता है ।बच्चों को नवोन्मेषी हम तभी बना पाएंगे, जब उनका पालन पोषण इस तरह से किया जाए कि अभिनव उनकी प्रकृति में आ जाए ।इसके लिए अध्यापकों, अभिभावकों को अपनी सोच कामों में अभिनव को बढ़ावा देना चाहिए ।इसके साथ सरकारों को भी इस पृष्ठभूमि पर आधारित शिक्षा के विकास के लिए शिक्षा नीति का निर्माण करना होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 में नवाचार के विकास के लिए विभिन्न उपायों का वर्णन किया गया है ।ये उपाय न केवल अध्यापकों को नवाचार अपनाने के लिए पर्याप्त समय ,संसाधन एवं स्वतंत्रता देने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर बच्चों को इससे जोड़ने के लिए छात्रों के

पाठ्यक्रम ,शिक्षण विधियों एवं शिक्षक व्यवहार में परिवर्तन लाने कि बात करते है।

प्रमुख संकेतक्षर – नवोन्मेषी ,अभिनव,नवाचार, NEP – 2020, DIKSHA,

प्रस्तावना –यद्यपि सतत रूप से नवाचार शिक्षण व्यवस्था में महत्वपूर्ण है । सोचना और नया करने का कौशल, 21वीं शताब्दी के छात्रों के लिए वांछनीय कौशल है। शिक्षा में नवाचार न केवल छात्रों को प्रोत्साहित करता है, अपितु शिक्षकों के लिऐ भी यह मांग करता है कि वे नए विचारों और रणनीतियों के साथ अनुसंधान एवम खोज के माध्यम से नए तथ्यों को उजागर करें।नवाचार किसी समस्या को नए तरह से देखने एवम हल करने का अलग तरीका है। यह शिक्षा की समग्र गुणवत्ता में सुधार में भी योगदान देता है। क्योंकि यह छात्रों को सोचने के लिए प्रेरित करता है, एवम जटिल समस्याओं को हल करने में भी मदद करता है। यदि विद्यालयी वातावरण में अध्यापकों के लिए नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं तो छात्रों और सीखने में तेजी आयेगी। इसी का परिणाम है कि भारत नवाचार में तेजी से बड़ रहा है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स रिपोर्ट 2020 के अनुसार भारत नवाचार में 131देशों की तुलना में 48 वें पायदान पर है।

शोध के उद्देश्य –

1. शिक्षकों को नवोन्मेषी शिक्षा के प्रति प्रेरित करना।
2. शिक्षकों को अभिनव शिक्षा के प्रति जागरूक करना।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इससे संदर्भित तत्वों को सभी के सम्मुख रखना।
4. अभिनव शिक्षा के लिए संभावित उपायों पर चर्चा करना ।

शोध की आवश्कता – शिक्षा के अर्थशास्त्र ने शिक्षा की परिभाषा एवम उनके उद्देश्यों में अमूलचूक परिवर्तन किया है। जहाँ पहले शिक्षा को व्यक्ति की बौद्धिक संपदा के समझा जाता था ,वही अब इसे व्यक्ति की भौतिक संपदा के रूप में देखा जाने लगा है। इसने अभिभावकों के दृष्टिकोण मे परिवर्तन तो किया ही है , साथ ही साथ बच्चों की सोच में भी परिवर्तन हमे दृष्टिगत होने लगा है। अब बच्चे पुरानी परंपरागत शिक्षण व्यवस्था में परिवर्तन चाहते हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षा, शिक्षक शिक्षण संस्थाओं को

अपने आप में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। यही आवश्यकता उन्हें नवोन्मेषण के लिए प्रेरित करती है। क्योंकि बदलते शिक्षा बाजार में वहीं शिक्षा, शिक्षण संस्थाएं एवं शिक्षक अपने आप को स्थापित रख सकेंगे, जो अभिनव शिक्षा को अपनाएंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए यह शोध पत्र लिखा जा रहा है। जिसका शीर्षक ७ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में सीखने को बढ़ावा देने के लिए अभिनव शिक्षा।

कक्षा मे नवाचार का पोषण – बच्चो को नवोन्मेषी बनाने के लिए उनका पालन पोषण इस तरह से करना चाहिए कि, अभिनव उनकी प्रकृति में आ जाए।इसके लिए अध्यापक को कक्षा कक्ष प्रणाली मे आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए उन्हें तैयार कर आपसी सहयोग सहभागिता से हल करने का प्रयास करना चाहिए ।हमें एहसास है कि नए और अज्ञात रास्ते पर चलने से जोखिम और असफलताओं का सामना करने का डर मन में होता है ,लेकिन यदि शिक्षक लीक से हटकर सोचता है तो ऐसे कई तरीके हैं जिनसे शिक्षक धीरे–धीरे अभिनव को अपनी कक्षा में कर सकता है। उनमें से कुछ निम्न है ....

1. छात्रों को समस्या समाधान गतिविधि के माध्यम से सोचने के अवसर प्रदान कराना।
2. बच्चों में अलग तरह की सोच विकसित करने के लिए , उन्हें लगातार चुनौतियों एवम समस्याएं प्रदान करना।
3. विविध विचारों एवम दृष्टिकोणो को समायोजित और स्वीकार करना।
4. परंपरागत शिक्षण विधियों को छोड़ , नवीन शिक्षण विधियों का उपयोग करना।
5. बच्चों के मन में जिज्ञासा पैदा कर , प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित कर,उत्तर खोजने में सहयोग करना।
6. छात्रों को सोचने , कार्य करने ,दोहराने और नया करने के लिए पर्याप्त समय देना।
7. पूर्व ज्ञान से प्रारंभ कर शिक्षण एवम अधिगम प्रकिया को आनंद दायक और सुखद बनाकर।
8. बच्चों को सतत रूप से प्रेरित करके।

राष्टीय शिक्षा नीति 2020 भावी शिक्षकों एवम कार्यरत शिक्षकों केलिये एक ऐसी पाठ्यचर्चा प्रस्तुत करती है,जो उन्हें पर्याप्त अवसर , सोचने के लिऐ समय प्रदान करती है, जिससे वे कुछ नया कर सके।

इस पृष्ठभूमि पर NEP 2020सिफारिसे –

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधारभूत सिद्धांत तार्किक निर्णय लेने की क्षमता एवं नवाचार द्वारा प्रोत्साहित छात्रों की रचनात्मक एवम आलोचनात्मक चिंतन को पहचानकर उनमें छिपी अद्वितीय क्षमताओं को बड़वा देना।
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा योजनाओं ,प्रबंधन एवं भाषाई अवरोध को दूर करने की बात कहती है ।यह स्वायत्ता सुशासन , और सशक्तिकरण के माध्यम से नवाचार और नए विचारों को प्रोत्साहित करती है। यह अपेक्षित रूप से उत्कृष्ट संस्थानों को बढ़ावा देती है।
3. NEP 2020 शिक्षा के सभी क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने की कल्पना करती है और सभी क्षेत्रों में नवाचार करने की आवश्यकता की सिफ़ारिश करती है ,इसके साथ ही यह नवाचार में योगदान देने वाली रचनात्मक और महत्वपूर्ण सोच को बढ़ावा देती है।
4. इस नीति का उद्देश्य रचनात्मकता के लिए समान अवसर ,नवाचार एवम भारतीय समाज को जीवंत समाज में बदल कर , शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना।

शिक्षा नीति निम्नलिखित तरीकों से नवाचार एवं रचनात्मकता पर केंद्रित कही जा सकती है –

1. NEP 2020 मूलभूत साक्षरता और सांख्यिकी आंकड़ों पर उच्च गुणवत्ता वाले संस्थानों के ज्ञान एवं कौशलों को DIKSHA(Digital Information for knowledge sharing) पर लाने की बात करती है।
2. यह DIKSHA App शिक्षकों के लिए तकनीकि के उपयोग में आने व्यवधानो को, छात्रों के बीच किसी भी प्रकार की भाषागत बाधा को दूर करने में सहायक होगा।
3. सभी स्तरों पर आनंददायक एवम प्रेणादायक पुस्तकों को विकसित किया जाएगा ।

4. भारतीय भाषाओं में अनुवाद तकनीक को स्कूल , स्थानीय सार्वजनिक पुस्तकालयो में व्यापक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।
5. व्यवसायिक एवम तकनीकि शिक्षा जैसे प्रौद्योगिकी,प्रबंधन, वास्तुकला, नगर नियोजन, फॉर्मेसी, होटल प्रबंधन, आदि में नवाचर को बड़वा दिया जाएगा।
6. राष्ट्रीय तकनीकि मंच स्कूलों, उच्च शिक्षण संस्थानों के द्वारा बनाया जायेगा।
7. इस पटल को मुफ्त एवम स्वतंत्र रूप से प्रगट किए विचारों , तकनीकों को, मूल्यांकन ,नियोजन एवम प्रबन्धन के अनुभवों से सीखने में प्रयोग किए जाएगा।

कक्षाओं को नवोन्मेषी बनाने के उपाय–

1. रचनात्मकता और नवाचार की बाधाओं को दूर किया जाना चाहिए।
2. नए तरीकों की खोज , बच्चों में रचनात्मकता की प्रकृति को दर्शाती है। इसलिए इसका अभ्यास सतत् रूप स विद्यालयों के सभी स्तरों पर किया जाना चाहिए।
3. न केवल विज्ञान और गणित के क्षेत्र में अपितु छात्रों को सभी विषयों में प्रयोग करने एवम प्रतिबिम्वित करने के अवसर प्रदान किए जाने चाहिए।
4. विचारों कि विविधता को सम्मान देकर और उनका पालन पोषण करके कक्षा में नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर सकते हैं।
5. अध्यापकों की क्षमता को इस क्षेत्र में इस प्रकार विकसित किया जाए कि वे विभिन्न संस्थानों की मदद एवं प्रोत्साहन द्वारा छात्रों में नवोन्मेषी वातावरण का निर्माण कर सकें ।
6. कक्षा कक्ष प्रक्रिया में लचीलेपन को प्रोत्साहित किया जाए।
7. सतत रूप से अच्छा कर रहे अध्यापकों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहन, एवम पुरस्कार दिए जाए।

निष्कर्ष – नवाचार के लिए एक अनुकूल और सक्षम वातावरण बनाना न कि शिक्षण की पारंपरिक पद्धति से चिपके रहना । जबकि परिक्षण आज के समय की आवश्यकता है। विभिन्न विषयों को मिलाकर, मूलभूत बातों से आगे बढ़ते हुए ,कक्षा कक्ष से बाहर निकलना ,सभी से मिलकर नए और अलग परिणाम छात्रों में शुरू से ही नवाचार की एक लकीर विकसित

करने में मदद करता है ।सबसे पहले मूल बातों को जाने तदुपरांत आगे बढ़ते हुए तब तक खोजबीन जारी रखें जब तक की छात्रों के संदर्भ में सर्वोत्तम उत्तर न मिल जाए । कवि विलियम बटलर येट्स ने शिक्षा में नवाचार की भूमिका के संदर्भ में समांतर उदाहरण दिया जो इस प्रकार है शिक्षा बाल्टी भरना नहीं बल्कि आग द्वारा रोशनी जैसा है।

संदर्भ सूची –

1. भाई योगेंद्र जीत,2020 प्रकाशन, शिक्षा में नवाचार,आगरा,श्री विनोद पुस्तक मंदिर, उत्तर प्रदेश।
2. बंगल, आर., शिक्षा में नवीन प्रवृत्तिया, आगरा,एस व बी वपी वडी व प्रकाशन।
3. राजपूत ,जगमोहन सिंह ,नवीन प्रकाशन ,शिक्षा की गतिशीलता अवरोध ,नवाचार एवं संभावनाएं ,नई दिल्ली ,किताबघर प्रकाशन।
4. द्विवेदी ,डॉ किरण, शिक्षा में नवाचार ,लखनऊ ,ठाकुर प्रकाशन ।
5. MHRD India द्वारा प्रकाशित गजट |.ऊीतक.हवअ.पद
6. अरोड़ा ,पंकज एवं उषा शर्मा, 2021 ,मेरठ ,शिप्रा प्रकाशन।
7. पांडे, डॉ सुधांशु कुमार, प्रथम संस्करण, 2021 ,नई दिल्ली नोशन प्रेस।
8. यादव ,जितेंद्र ,प्रथम संस्करण, 2021 ,नई दिल्ली ,नोशन प्रकाशन।

A National Seminar Collaborated With NAAC

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

डॉ. रोहित कुमार

NAAC "A" Grade
Bhagwan Aadinath College Education Mahrra Lalitpur
(Approved by NCTE & Affitialld to Bundelkhand University Jhansi (U.P.) 12b&2f UGC)

Insta Publishing

Ring Road 2, Bilaspur, Chhattisgarh – 495001

Website: **www.instapublish.in**

© Copyright, 2022, Rohit Kumar

All rights reserved. No part of this book may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted, in any form by any means, electronic, mechanical, magnetic, optical, chemical, manual, photocopying, recording or otherwise, without the prior written consent of its writer.

First Edition, 2022
ISBN: 798-93-95037-02-0
Price: ₹ 500.00

The opinions/ contents expressed in this book are solely of the author and do not represent the opinions/ standings/ thoughts of Insta Publishing.

Published by: Insta Publishing

राष्ट्र निर्माण में नई शिक्षा पद्धति का महत्व एक परिचय और विवेचना

मनीषा साहू
प्रवक्ता– शिक्षा शास्त्र विभाग
आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन
महर्रा– २८४४०३,
ललितपुर, उत्तर प्रदेश.
एवं
विपिनचंद
सहायक प्राध्यापक हिन्दी
भगवान आदिनाथ कालेज ऑफ एजुकेशन
महर्रा ललितपुर

परिचय –

मानव पूंजी और एक समतामूलक समाज इनके निर्माण के लिए शिक्षा मौलिक अधिकार है, शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता काफी हद तक किसी भी देश में नवाचारों, आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और समानता को निर्धारित करती है। संयुक्त राष्ट्र (1948) में अपनाए गए मानवाधिकारों पर घोषणा के अनुच्छेद 26 में कहा गया है कि लोगों की स्वतंत्रता को मजबूत करने और उनकी रक्षा करने के लिए कम से कम प्रारंभिक चरणों में शिक्षा मुफ्त और अनिवार्य होनी चाहिए। इस अर्थ में, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 को भारत में 6–14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा के मौलिक अधिकार के रूप में लागू करने के लिए अधिनियमित किया गया था। इसके अलावा, भारत में शिक्षा प्रणाली समाज के सीमांत वर्ग के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण भी अनिवार्य करती है।

सन् 2018 से 2019 के मध्य भारत में शिक्षा का कुल सार्वजनिक व्यय 62वें स्थान पर था और शिक्षा पर 305.28 बिलियन अमरीकी डालर (कुल सकल घरेलू उत्पाद का 3:) खर्च किया। जबकि, दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है।

यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि 2019 में भारत में बेरोजगारी दर लगभग 11 प्रतिशत है और इस बेरोजगार आबादी के 30 प्रतिशत से अधिक देश में स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री धारक हैं। किसी देश के जीवन की गुणवत्ता और विकास शिक्षा की गुणवत्ता से निर्धारित होता है।

इन्ही सब बिन्दुओं को देखते हुए भारत में शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को बदलने के लिए भारत सरकार (GOI) द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 पेश की गई है। नई शिक्षा नीति की प्रासंगिकता और आवश्यकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह 21वीं सदी में भारत की पहली शिक्षा नीति है और 1947 में भारत को आजादी मिलने के बाद से कुल मिलाकर तीसरी नीति है।

पूर्व की दो शिक्षा नीतियां वर्ष 1968 और 1986 में पेश की गई थीं। 34 साल पहले शिक्षा नीति में अंतिम संशोधन मुख्य रूप से ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड के माध्यम से भारत में प्राथमिक शिक्षा प्रणाली पर केंद्रित था। हालाँकि, जैसा कि हम सभी जानते हैं कि प्रौद्योगिकी ने बड़े पैमाने पर प्रगति की है और शिक्षा को प्रौद्योगिकी के संबंध में समाज, अर्थव्यवस्था और बड़े पैमाने पर देश की चुनौतियों का समाधान करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए।

इस प्रकार, भारत में भावी पीढ़ी के लिए समग्र, बहु–विषयक और कौशल – उन्मुख शिक्षा प्रणाली के उद्देश्य से नई शिक्षा नीति अनिवार्य है। एनईपी 2020 को भारत को वैश्विक ज्ञान केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया जा रहा है। यह शिक्षा प्रणाली में पहुंच, समानता और गुणवत्ता के मामले में भारतीय शिक्षा में सुधार के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करता है।

• इसका लक्ष्य 2030 तक भारत में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल शिक्षा में 100 प्रतिशत सकल नामांकन प्राप्त करना है। एनईपी 2020 के माध्यम से भारत में शिक्षा प्रणाली का पूर्ण सुधार भारत को एसडीजी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। एनईपी 2020 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी के लिए एनईपी 2020 गुणवत्ता शिक्षा के प्रमुख मानकों जैसे उच्च शिक्षा में बेहतर नामांकन, शिक्षण–शिक्षण परिणाम और युवाओं को कौशल – उन्मुख शिक्षा पर जोर देता है। यह शिक्षण–अधिगम परिणामों में सुधार के प्रभाव को मापने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करता है। इसमें भारत में उच्च

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

शिक्षा में वयस्क साक्षरता दर, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में लिंग समानता सूचकांक, बेरोजगारी दर और सकल नामांकन अनुपात जैसे प्रमुख संकेतकों में भारत के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए प्रमुख हस्तक्षेप शामिल हैं।

भारत जैसे बड़े और विविध देश के लिए, एक रैखिक दृष्टिकोण अब गुणवत्ता विकसित करने का समाधान नहीं हो सकता है। शिक्षा प्रणाली और इसे बड़े सामाजिक अहसास के लिए शिक्षा में प्रौद्योगिकी और नवाचार के माध्यम से स्थायी समाधान लागू करने की आवश्यकता है।

• इस दिशा में, एनईपी 2020 भारत के संदर्भ को प्रासंगिक बनाने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करता है। एसडीजी 2030 के सिद्धांतों के अनुरूप, यह नई नीति पांच अंतर्निहित निर्धारकों पर आधारित है, अर्थात् सामर्थ्य, गुणवत्ता, पहुंच, इक्विटी और जवाबदेही ।

समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से एसडीजी के तहत महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत में संपूर्ण शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से संगठित करने के लिए नीति को रणनीतिक बनाया गया है।

इसमें स्थानीय भाषा में शिक्षा, स्कूलों में सामाजिक रूप से एकजुट वातावरण, सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित क्षेत्रों और समूहों जैसे आदिवासी समुदायों, ट्रांसजेंडर बच्चों, आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों पर विशेष ध्यान देना शामिल है।

नए एनईपी 2020 ने भारत में मौजूदा शिक्षा प्रणाली को सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार पेश किये गए। एक बड़े बदलाव में, दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों को अब भारत में परिसरों की स्थापना और संचालन की अनुमति दी जाएगी।

एक एकीकृत वितरण के लिए, सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए एक एकल राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की रणनीति बनाई गई है। छात्रों के शिक्षा क्रेडिट को प्रतिस्पर्धा के बजाय प्रगति की प्रणाली के रूप में स्थानांतरित करने के लिए छात्रों के लिए क्रेडिट का अकादमिक बैंक बनाया जाएगा।

कौशल प्रदान करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा अब इंटर्नशिप के रूप में छठी कक्षा से शुरू होगी। शिक्षण,शिक्षण परिणामों की गुणवत्ता में सुधार

के लिए छात्रों के लिए एक 360 डिग्री समग्र प्रदर्शन कार्ड पेश किया गया है। राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन भारत में बढ़ावा शिक्षा में एकीकृत दशाओं और अनुसंधान, नवाचार को बढ़ावा देने के लिए पत स्थापित गया है।

अत्याधुनिक आवश्यकताओं के साथ सर्वोत्तम बहु–विषयक शिक्षा प्रदान करने के लिए भारत के IIT और IIM जैसे प्रीमियम संस्थानों की तर्ज पर बहु–विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (MERU) बनाएँ जाएंगे। नई नीति के तहत, स्नातक शिक्षा एक स्टेप अप डिलीवरी है। इसमें कई निकास और प्रवेश विकल्पों के साथ 4 साल का बहु–विषयक स्नातक कार्यक्रम है।

इस कदम का उद्देश्य छात्र को विभिन्न पर्यावरण परिदृश्यों के अनुकूल बनाना है। प्रथम वर्ष की शिक्षा एक प्रमाण पत्र शिक्षा, दूसरे वर्ष में डिप्लोमा और 3 वर्ष पूर्ण होने के बाद स्नातक की डिग्री है। चौथा वर्ष अनुसंधान के लिए समर्पित किया गया है। छात्र मास्टर डिग्री के लिए आगे बढ़ेगा जो अब तक 2 साल की डिग्री के बजाय केवल 1 वर्ष के लिए होगा। इस तरह की शिक्षा छात्र को अपने ज्ञान को जब और जब फिट हो, लागू करने की शक्ति देगी।

विभिन्न स्तरों पर प्रवेश और निकास यहां परस्पर जुड़े चक्रों के रूप में शिक्षा और अनुप्रयोग का एक अच्छा संयोजन बनाते हैं। छात्र बाहर निकल सकता है और उद्योग में शामिल हो सकता है और शिक्षा प्राप्त करने के लिए वापस आ सकता है। इस तरह का संयोजन 3 साल की स्नातक डिग्री के बाद उद्योग में प्रवेश करने की आवश्यकता को भी समाप्त कर देता है।

निष्कर्ष – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीयों को कल में छलांग लगाने के लिए एक सही कदम है। वर्तमान नीति में एक वैश्विक मूल्य योजक की संरचना के लिए एक स्ट्रीम–आधारित शैक्षिक सेटअप से एक मल्टीमॉडल सेटअप में बदलाव की आवश्यकता है।नीति में बदलाव इस बात पर ध्यान देते हैं कि सिस्टम को मल्टीमॉडल सिस्टम से कैसे जोड़ा जाए, लेकिन दूसरी ओर एक ऐसी प्रणाली को कैसे पूरा किया जाए, जो एक प्रतिस्पर्धी माहौल में छात्रों को आकार देती है, इसके रूप में चुनौतियां सामने आती हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

यह मेक इन इंडिया, स्टार्ट–अप इंडिया, स्किल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे भारत सरकार के अन्य मेगा कार्यक्रमों के साथ भारत की समस्याओं के लिए मजबूत समाधान की आवश्यकता को संबोधित करता है।

संदर्भ सूची –

1. पांडे, बी। (2019)। भारत में सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करेंरू इसके लिए पूर्वापेक्षाएँ एसडीजी 4 हासिल करना। एस चतुर्वेदी में, टी। जेम्स, एस। साहा, और पी। शॉ (सं।) 2030 एजेंडा और भारतरू मात्रा से गुणवत्ता की ओर बढ़ना। दक्षिण एशिया आर्थिक और नीति अध्ययन (पीपी) 165–196)। सिंगापुररू स्प्रिंगर. https://doi-org/10.1007ɸ978–981–32–9091–4 8.
2. मानव संसाधन विकास मंत्रालय। (2020, 5 अगस्त)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 https://www-mhrd-gov-in/sites/uploadfiles/mhrd/files/NEP Final English 0-pdf-
3. गूगल

A National Seminar Collaborated With NAAC

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात् शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां

डॉ. रोहित कुमार

NAAC "A" Grade

Bhagwan Aadinath College Education Mahrra Lalitpur

(Approved by NCTE & Affitiald to Bundelkhand University Jhansi (U.P.) 12b&2f UGC)

Insta Publishing

Ring Road 2, Bilaspur, Chhattisgarh – 495001

Website: **www.instapublish.in**

© Copyright, 2022, Rohit Kumar

All rights reserved. No part of this book may be reproduced, stored in a retrieval system, or transmitted, in any form by any means, electronic, mechanical, magnetic, optical, chemical, manual, photocopying, recording or otherwise, without the prior written consent of its writer.

First Edition, 2022
ISBN: 798-93-95037-02-0
Price: ₹ 500.00

The opinions/ contents expressed in this book are solely of the author and do not represent the opinions/ standings/ thoughts of Insta Publishing.

Published by: Insta Publishing

डॉ. रोहित कुमार

नवीन शिक्षा नीति–आवश्यकता और चुनौतियां

रामसेवक चंद्राकर
यू.जी.सी.नेट ,जे.आर.एफ.इतिहास
सहायक प्राध्यापक
भगवान आदिनाथ कालेज ऑफ एजुकेशन
महर्रा ललितपुर उ.प्र.
एवं सतलेश कुमार सिंह
सहायक प्राध्यापक
भगवान आदिनाथ कालेज ऑफ एजुकेशन
महर्रा ललितपुर उ.प्र.

सारांश – भारत सरकार द्वारा नवीन शिक्षा नीति 2020 को अपनी मंजूरी प्रदान की है जिसका उद्देश्य भारत को अग्रणी देशों के समकक्ष रखना है। इस नवीन शिक्षा नीति 2020 के तहत 3 साल से 18 साल तक के बच्चों को शिक्षा का अधिकार कानून 2009 के अंतर्गत रखा गया है। 34 वर्षों पश्चात आई नई शिक्षा नीति का उद्देश्य सभी छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करना है जिसका लक्ष्य 2025 तक पूर्व प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना तथा शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ,मशीन ,डेटा, विश्लेषण जैब प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों के समावेशन से आधुनिक शिक्षा क्षेत्र के कुशल रिसीवर तैयार होंगे और युवाओं की रोजगार क्षमताओं में वृद्धि होगी।

प्रस्तावना – भारत में वर्तमान शिक्षा प्रणाली की शुरुआत ब्रिटिश शासन काल में लार्ड मैकाले के द्वारा की गई थी जिसका उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य के लिए भारतीय क्लर्क तैयार करना था किंतु स्वतंत्रता आंदोलन और आजादी के पश्चात अनेकों शिक्षा संबंधी सुझाव तथा आयोगों की स्थापना की गई। जिन्होंने समय–समय पर भारतीय शिक्षा से संबंधित अपने सुझाव एवं प्रस्ताव पेश किए। 1986 ईस्वी की शिक्षा नीति एक समग्र तथा व्यापक शिक्षा नीति थी जिसका उद्देश्य असमानताओं को दूर करना था विशेष रुप से भारतीय महिलाओं ,अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए शिक्षा की बराबरी प्रदान करना था। इस शिक्षा नीति के द्वारा ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड

चलाया गया साथ ही साथ ओपन यूनिवर्सिटी का सुझाव भी इसी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दिया गया था। इस शिक्षा नीति के द्वारा ही ग्रामीण विश्वविद्यालयों के निर्माण का आह्वान किया था जोकि गांधीवादी विचारधारा से प्रभावित था।

शिक्षा संबंधी प्रावधान – उच्च शिक्षा से संबंधित इस नवीन शिक्षा नीति 2020 में नामांकन अनुपात को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है जिसकी प्राप्ति हेतु देशभर के उच्च शैक्षिक संस्थानों में 3.5 करोड़ नवीन सीटों की वृद्धि का प्रस्ताव है। एन.ई.पी. 2020 के अंतर्गत इस स्नातक पाठ्यक्रम में मल्टीपल एंट्री एंड एग्जिट व्यवस्था को अपनाया जाएगा जिसके अंतर्गत 4 वर्ष के स्नातक पाठ्यक्रम में छात्र कई स्तरों पर पाठ्यक्रम को बदल सकते हैं तथा छोड़ सकते हैं और उन्हें उसी के अनुरूप प्रमाण पत्र अथवा डिग्री प्रदान की जाएगी। 1 वर्ष के पश्चात प्रमाण पत्र 2 वर्षों के पश्चात एडवांस डिप्लोमा तथा 3 वर्षों के पश्चात स्नातक की डिग्री एवं 4 वर्षों के बाद शोध स्नातक की डिग्री प्राप्त होगी। नवीन शिक्षा नीति में विकलांग छात्रों हेतु भी विशेष प्रावधान किए गए हैं जैसे क्रॉस विकलांगता प्रशिक्षण संस्थान केंद्र, आवास सहायक उपकरण तथा शिक्षकों का पूर्ण समर्थन इत्यादि।

प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक नियमित रूप से स्कूली शिक्षा प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करना एवं नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत ही ऐसे आकांक्षी जिले जहां बड़ी संख्या में सामाजिक आर्थिक अथवा जातिगत बाधाओं का सामना करने वाले छात्र छात्राएं पाए जाते हैं उन्हें विशेष शैक्षिक क्षेत्र (स्पेशल एजुकेशनल जोंस) के रूप में नामित किया जाएगा और देश में क्षमता निर्माण हेतु सभी लड़कियों और ट्रांसजेंडर छात्रों को समान गुणवत्ता प्रदान करने की दिशा में जेंडर फंड की भी स्थापना की जाएगी। 8 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा हेतु एक राष्ट्रीय पाठ्यचर्या और शैक्षणिक ढांचे का निर्माण भी एनसीईआरटी द्वारा किया जाएगा। इसी शिक्षा नीति द्वारा एससी ओबीसी और अन्य सामाजिक तथा आर्थिक रूप से वंचित समूहों से संबंधित मेधावी छात्र छात्राओं को वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी।

इस प्रकार से इस शिक्षा नीति के द्वारा एक सर्व सुलभ वैश्विक शिक्षा नीति का प्रारंभ किया जा रहा है किंतु इस शिक्षा नीति से संबंधित भी अनेक चुनौतियां हैं जैसे इस शिक्षा नीति के वास्तविक क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकारों का सहयोग आवश्यक रूप से अपेक्षित है। साथ ही शीर्ष नियंत्रण संगठन के तौर पर एक राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा नियामक परिषद को लाने के विचार का राज्यों द्वारा विरोध किया जा रहा है और महंगी शिक्षा नीति का विरोध भी स्वाभाविक है। अनेकों शिक्षाविदों का मानना है कि विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश से भारतीय शिक्षा व्यवस्था के महंगा होने की आशंका है जिसके फलस्वरूप निम्न वर्ग के छात्रों का उच्च शिक्षा प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है तथा शिक्षा का संस्कृतिकरण किए जाने का भी राज्यों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है और इस नवीन शिक्षा नीति के समक्ष सबसे महत्वपूर्ण और गंभीर समस्या तथा चुनौती संपूर्ण देश में शिक्षकों की कमी को दूर करना है। केग की वर्ष 2017 की रिपोर्ट के अनुसार आज भी देश में एक ही शिक्षक के भरोसे हजारों प्राथमिक स्कूल चल रहे हैं जो शिक्षा की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। उच्च शैक्षिक संस्थानों में भी प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर तथा असिस्टेंट प्रोफेसर के हजारों पद रिक्त हैं जोकि नवीन शिक्षा नीति की सफलता में एक बहुत बड़ी बाधा है इन बाधाओं को दूर किए बगैर नवीन शिक्षा नीति की सफलता पर एक गंभीर प्रश्न चिन्ह है। एक अन्ना चुनौती शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना तथा शैक्षिक संस्थानों में रैगिंग को समाप्त करना भी है साथ ही साथ प्राथमिक से लेकर उच्च शैक्षिक संस्थानों में शिक्षकों के दायित्व तथा उनकी जवाबदेही और प्रदर्शन के संबंध में भी कानून एवं जवाबदेही लागू करना वर्तमान शिक्षा परिवेश की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

स्कूल शिक्षा संबंधी प्रावधान – इस शिक्षा नीति में 5+3+3+4 डिजाइन वाले शैक्षिक संरचना को प्रस्तावित किया गया है जो 3 से 18 वर्ष की आयु वाले बच्चों को शामिल करता है।

1. 5 वर्ष की फाउंडेशन स्टेज– 3 साल का प्री– प्राइमरी स्कूल और ग्रेड 1–2 तथा 3 वर्ष का प्रीपेटैरी स्टेज।
2. वर्ष का उच्च प्राथमिक चरण– ग्रेड 6,7,8 और 4 वर्ष का उच्च माध्यमिक चरण–9,10,11,12

3. N.E.P. 2020 के तहत HHRO द्वारा बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर एक राष्ट्रीय मिशन (National mission on foundational literacy and Numeracy) की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है जिसे वर्ष 2025 तक बच्चों के लिए आधारभूत और कौशल सुनिश्चित किया जाएगा।

विद्यालयों में सभी स्तरों पर छात्रों को बागवानी, नियमित रूप से खेलकूद, नृत्य तथा मार्शल आर्ट आदि को स्थानीय उपलब्धता के अनुसार प्रदान करने की कोशिश की जाएगी ताकि बच्चे शारीरिक गतिविधियों एवं व्यायाम आदि में सम्मिलित हो सके।

भाषायी विविधता का संरक्षण – वर्ष 2020 में कक्षा 5 तक की शिक्षा में मातृभाषा, स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा को अध्ययन के माध्यम के रूप में अपनाने पर बल दिया गया है साथ ही इस नीति में मातृभाषा को कक्षा 8 और आगे की शिक्षा के लिए प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है। स्कूली और उच्च शिक्षा में छात्रों के लिए संस्कृत तथा अन्य प्राचीन भारतीय भाषाओं का विकल्प उपलब्ध होगा परंतु किसी भी छात्र पर भाषा के चुनाव की कोई बाध्यता नहीं होगी।

इस नवीन शिक्षा नीति की आवश्यकता के अनेक कारण हैं जैसे बदलते वैश्विक परिदृश्य में ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए मौजूदा शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन तथा शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि अनुसंधान और नवाचार आदि एवं भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैश्विक स्तर पर पहुंचाना, सुनिश्चित करना तथा वैश्विक मांगों को अपनाने हेतु भारतीय शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन की आवश्यकता आदि।

इस नवीन शिक्षा नीति के द्वारा मानव संसाधन मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है इससे नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा संपूर्ण देश में परिवर्तनकारी सुधारों की अपेक्षा की गई है जिसके उद्देश्य के अंतर्गत वर्ष 2030 तक शिक्षा में 100 प्रतिशत जी.पी.आर. के सभी प्राथमिक विद्यालयों से माध्यमिक स्तर तक शिक्षा के सार्वभौमीकरण का लक्ष्य रखा गया है। इस शिक्षा प्रणाली में केंद्र सरकार राज्य सरकारों के सहयोग से शिक्षा क्षेत्र पर जी.डी.पी. का 6 प्रतिशत व्यय का लक्ष्य रखा गया है। इससे शिक्षा प्रणाली में प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में तथा आगे की शिक्षा को भी स्थानीय भाषा में देने को प्राथमिक सुझाव

दिया गया है। छात्रों के समग्र विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा 10 और 12 की परीक्षाओं में भी परिवर्तन किया जाएगा तथा भविष्य में सेमेस्टर या बहुविकल्पी प्रश्न इत्यादि जैसे सुधार भी शामिल किए जाएंगे। इस नीति के अंतर्गत परीक्षा परिणाम का एक राष्ट्रीय आकलन केंद्र स्थापित किया जाना है एवं छात्रों के मूल्यांकन हेतु एक इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर का भी प्रयोग सुनिश्चित किया जाना है। इस शिक्षा नीति में शिक्षकों की नियुक्ति को प्रभावी और पारदर्शी करने हेतु परीक्षाओं का एक पारदर्शी तथा साफ–सुथरा तरीका अपनाया जाना है एवं अध्यापकों के समय–समय पर किए गए कार्य उनके प्रदर्शन एवं शिक्षा के आधार पर उनको पदोन्नति दिए जाने का भी सुझाव सम्मिलित है। इससे शिक्षा नीति द्वारा राष्ट्रीय खेल अध्यापक शिक्षा परिषद शिक्षकों के लिए एक मानक का विकास करेगी।

निष्कर्ष– प्रस्तुत शोध पत्र में शोधार्थी ने नवीन शिक्षा नीति 2020 आवश्यकता और चुनौतियां के संबंध में अध्ययन किया है। जिसमें शोधार्थी ने सभी तथ्यों पर प्रकाश डालने का प्रयास करते हुए इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि शिक्षा नीति कितनी ही उत्साहित क्यों ना हो बिना योग्य अध्यापक के बिना शिक्षा नीति के सभी मानकों तथा उद्देश्य को प्राप्त करना असंभव है। एक योग्य शिक्षक ही शिक्षा नीति की सफलता का मजबूत स्तंभ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची–

1. MHRD India द्वारा प्रकाशित गजट www-mhrd-gov-in
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत सरकार
3. भारतीय आधुनिक शिक्षा जर्नल्स एन.सी. ई. आर.टी. जनवरी 2017
4. Google.in